दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 78
कोटद्वार गुरूवार
13 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## गाजियाबाद में यमुना नदी पर बना बांध टूटा, चार गांवों में भरा पानी

**गाजियाबाद, एजेंसी।** उफान पर बह रही यमुना नदी के कारण अल्लीपुरा गांव के पास का यमुना का बांध टूट गया है। लोनी के पचायरा, बदरपुर, सुंगरपुर, अल्लीपुर में पानी भर गया है। इन गांवों की कृषि भूमि भी जलमग्न हो गई है। डूब क्षेत्र में मकानों का आधा हिस्सा पानी में डूब गया है। राहत और बचाव कार्य जारी है। इस बांध के टूटने से लोगों में डर का माहौल स्थापित हो गया है।

## हरियाणा में बाढ़: अब तक 10 की मौत, परिजनों को चार लाख रुपये मुआवजे का एलान

**अंबाला (हरियाणा) , एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री ने बुधवार को गत दिनों राज्य में हुई भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के लिए लगभग 4–5 जिलों का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद उन्होंने अंबाला में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की और जिले में बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा की। वहीं, एयर फोर्स स्टेशन का जायजा लिया। इसके साथ ही अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए। सीएम मनोहर लाल ने कहा कि आपदा में जिन लोगों के घर खराब हुए हैं उनके घर की मरम्मत के लिए जो भी प्रावधान होंगे उस हिसाब से सरकार मदद करेगी। सीएम ने कहा कि सबसे अधिक नुकसान अंबाला में हुआ है।

# प्रदेश में 449 सड़कें बंद, जगह–जगह फंसे यात्री

**सरकार ने यात्रा टालने की दी सलाह**

देहरादून । मौसम विभाग ने चमोली, पौड़ी, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चम्पावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर में बारिश का रेड अलर्ट और उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, टिहरी, देहरादून, हरिद्वार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

रुड़की देहात क्षेत्र में 30 से अधिक मकानों को नुकसान हुआ है। वहीं, छह की छत गिर गई। उधर, लक्सर की कई कॉलोनियों में पानी भर गया। सड़कें भी जलमग्न नजर आईं। सोलानी नदी पर बना तटबंध भी दो स्थानों पर टूट गया है। इसके चलते 24 गांवों में बाढ़ से हालात हैं।

प्रदेश में बारिश के चलते बुधवार को 449 सड़कें बंद रहीं। इस मानसून सीजन में सड़कों के बंद होने की यह पहली बड़ी संख्या है। इससे पर्वतीय क्षेत्रों की यात्रा पर निकले लोग और तीर्थयात्री जगह–जगह फंसे हुए हैं। ग्रामीण सड़कों का बुरा हाल है। सैकड़ों गांवों का संपर्क जिला मुख्यालयों से कट गया है। इधर, सरकार ने लोगों से भारी बारिश में पहाड़ों की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है।

सुल्तानपुर में पानी से भरे गड्ढे में डूबकर एक आठ साल के मासूम की मौत हो गई। करीब तीन घंटे बाद शव को गड्ढे से बाहर निकाला गया। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। वहीं, हादसे की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

भारी बारिश के चलते खेत, तालाब, गड्ढे सभी पानी से लबालब हो रहे हैं। बुधवार को सुल्तानपुर क्षेत्र के मोहम्मदपुर कुन्हारी गांव निवासी सुभान अली का आठ साल का बेटा अर्सलान कुछ बच्चों के साथ बारिश में नहा रहा था। नहाते समय बच्चे रास्ते में इधर–उधर दौड़ रहे थे। बताया जा रहा है कि गांव के पास मिट्टी की खोदाई होने से एक गहरा गड्ढा बना हुआ है। बच्चे बारिश में नहाते हुए गड्ढे के किनारे पहुंच गए। इस दौरान अर्सलान का पैर फिसलकर गड्ढे में गिर गया।

अर्सलान के साथ नहा रहे बच्चों ने मामले की जानकारी उसके परिजनों को दी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर गड्ढे में उसकी तलाश की। इस बीच ग्रामीणों की भीड़ भी जमा हो गई। पूर्व ग्राम प्रधान ताहिर हसन ने बताया कि करीब तीन घंटे के बाद बच्चे को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं, बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो–रोककर बुरा हाल है। उधर, सुल्तानपुर पुलिस चौकी प्रभारी मनोज नौटियाल का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है। मामले की जांच की जा रही है। विकासनगर के त्यूणी के मोरी टैक्सी स्टैंड व चांदनी पुल के पास पहाड़ी से पत्थर व मलबा गिरने से चार वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना में दो ट्रक, एक जेसीबी व एक सवारी जीप क्षतिग्रस्त हुई है। गनीमत रही कि वाहनों के आस–पास किसी व्यक्ति के नहीं होने से जान–माल की हानि नहीं हुई।

बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर बुधवार को बारिश के बीच मुनी की रेती कैलाश गेट में कांवड़ियों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान वहां जाम की स्थिति बन गई।

उत्तरकाशी पुलिस ने गत चार दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते सुरक्षा को देखते हुए ट्रैफिक प्लान में बदलाव किया है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने पत्रकारों से वार्ता में ट्रैफिक प्लान में हुए बदलाव की जानकारी दी। गंगोत्री से उत्तरकाशी आने वाले वाहनों को शाम पांच बजे तक ही भेजा जाएगा। जबकि, उत्तरकाशी से गंगोत्री जाने वाले वाहनों को शाम साढ़े छह बजे के बाद भटवाड़ी से आगे नहीं जाने दिया जाएगा। इसी तरह हर्षिल से उत्तरकाशी आने वाले वालों को छह बजे तक ही भेजा जाएगा। जबकि भटवाड़ी से उत्तरकाशी आने वाले वाहनों को शाम 7 बजे तक ही जाने की अनुमति होगी। एसपी ने सभी तीर्थयात्रियों से मौसम का अपडेट लेकर ही यात्रा प्लान तैयार करने और भारी बारिश के बीच अनावश्यक जोखिम नहीं लेने की अपील की।

भारी बारिश के बीच राज्यपाल गुरमीत सिंह बुधवार दोपहर अचानक सचिवालय स्थित आपदा परिचालन केंद्र पहुंचे। उन्हें अचानक वहां देख अफसरों में हड़कंप मच गया। राज्यपाल ने अधिकारियों से बारिश के कारण हुए नुकसान की जानकारी ली। रुड़की में शहर से लेकर देहात तक बारिश ने तबाही मचा दी है। खानपुर क्षेत्र में बाढ़ आने से खेत तबाह हो गए। वहीं, पूरे शहर में बाणगंगा का पानी भर गया। क्षेत्र के शाहपुर गांव के जंगल में अपनी जमीन पर रखवाली कर रहा परिवार बाढ़ में फंस गया। पुलिस ने सूचना मिलते ही वहां फंसी महिला को बाहर निकाला। भारी बारिश के चलते गंगोत्री हाईवे हेल्गुगाड के पास भूस्खलन के कारण बंद हो गया है। जिसके चलते भटवाड़ी और गंगनानी में वाहनों को रोका गया है। पौड़ी जिले के जहरीखाल ब्लॉक की सतपुली तहसील के इगारा गांव में भारी बारिश अतिवृष्टि से नदी ने विकराल रूप धारण कर लिया।



## पातालगंगा और छिनका में हुआ भारी भूस्खलन, हाईवे बंद होने से जगह–जगह फंसे 7000 तीर्थयात्री



**चमोली , एजेंसी।** बदरीनाथ हाईवे छिनका में शाम करीब छह बजे पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा आने से अवरुद्ध हो गया। जिससे यहां हाईवे के दोनों ओर से करीब 7000 तीर्थयात्री फंस गए हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंद किशोर जोशी ने बताया कि हाईवे खुलने पर तीर्थयात्रियों को गंतव्य की ओर भेज दिया जाएगा। उधर, पातालगंगा में सुरंग के ऊपर से चट्टान से भूस्खलन हुआ।

बुधवार को बारिश के बावजूद भी छिनका में सुबह से ही हाईवे सुचारू रहा। जिससे यात्रा वाहनों की आवाजाही होती रही। शाम छह बजे भारी बारिश के दौरान अचानक पहाड़ी से टनों मलबा खिसक कर हाईवे पर आ गया। जिससे हाईवे के दोनों ओर से यात्रा वाहनों की लंबी लाइन लग गई। कई तीर्थयात्रियों ने हाईवे के शीघ्र न खुलने से पीपलकोटी, चमोली, बिरही, नंदप्रयाग में रुकने का निर्णय लिया, जबकि कई तीर्थयात्री हाईवे खुलने का इंतजार करते रहे।

वहीं, बदरीनाथ धाम से चार किलोमीटर पहले कंचन गंगा में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की ओर से वाहनों की आवाजाही के लिए गदेरे में पत्थर और मिट्टी बिछाकर वाहनों की आवाजाही करवाई जा रही है। यहां हाईवे बेहद तंग हालत में पहुंच गया है।

मंगलवार को कंचन गंगा के उफान पर आने से करीब 100 मीटर हिस्सा बह गया था। यहां गदेरे से ही वाहनों की आवाजाही करवाई जा रही है। कई वाहन गदेरे में फंस रहे हैं। बीआरओ के अधिकारियों का कहना है कि मौसम सामान्य होने पर यहां हाईवे का सुधारीकरण कार्य किया जाएगा।

## सरकार ने जारी किये आपदा राहत नंबर

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश में बीते दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण राज्य के विभिन्न स्थानों एवं हिमाचल प्रदेश में फंसे उत्तराखण्ड के नागरिकों की सहायता के लिए राज्य सरकार द्वारा आपदा राहत नम्बर जारी किए गए हैं। सहायता हेतु 9411112985, 01352717380, 01352712685 इन नंबरों पर संपर्क कर सकते है। इसके अतिरिक्त व्हाट्सएप नंबर 9411112780 पर भी लोग मैसेज कर सकते हैं।प्रदेश के विभिन्न जिलों में रविवार से हो रही भारी बारिश के चलते कई जिलों में नुकसान हुआ है और जगह-जगह पर लोग फंसे हुए हैं। सीमावर्ती हिमाचल प्रदेश में भी बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त हुआ है। हिमाचल में भी उत्तराखंड के तमाम लोग फंसे हुए हैं। इन परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए उत्तराखंड सरकार की ओर से आपदा राहत नंबर जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपील करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के दृष्टिगत समस्त प्रदेशवासियों एवं तीर्थयात्री अनावश्यक यात्रा करने से बचें। कहा कि वे स्वयं राज्य आपदा कंट्रोल रूम तथा जिलाधिकारियों से सभी जनपदों से सड़क मार्ग एवं बारिश की स्थिति के बारे में जानकारी ले रहे हैं। इसके अलावा, समस्त जनपदों में ज़िला प्रशासन एवं एसडीआरएफ को हाई-अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं।

✦ उत्तराखंड के अलावा हिमाचल में फंसे राज्य के लोग कर सकते हैं सम्पर्क
✦ मुख्यमंत्री ने की प्रदेशवासियों एवं तीर्थयात्रियों से अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील

IHMS KOTDWAR
Institute of Hospitality, Management & Sciences
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Industrial Tour
• Value Added Courses @ 0% cost
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# चमोली जिले में डीडीआरएफ गठित

## 27 पीआरडी स्वयं सेवक सीख रहे आपदा से निपटने के गुर

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : आपदाओं से सशक्त तौर पर निपटने के लिए जिले में डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर रिसपोंस फोर्स (डीडीआरएफ) का गठन किया है। जिसमें पीआरडी स्वयं सेवकों का चयन किया गया है। ड्रिस्ट्रिक्ट डिजास्टर रिसपोंस फोर्स के लिए चयनित पीआरडी स्वयं सेवकों के दल को गदरपुर उधम सिंह नगर में एनडीआरएफ के माध्यम से आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए 21 दिवसीय प्रशिक्षण 9 जुलाई 2023 से शुरू हो गया है। जनपद आपदा मोचन दल में जिले के 27 पीआरडी स्वयं सेवक प्रशिक्षण ले रहे है।



जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुशील कुमार के नेतृत्व में डीडीआरएफ के 27 पीआरडी जवानों को प्रशिक्षण के लिए गदरपुर, उधम सिंह नगर भेजा गया है। उधम सिंह नगर में एनडीआरएफ द्वारा इस दल को आपदा के दौरान खोज, बचाव और राहत कार्यों के साथ जोखिम आंकलन, प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर प्रबंधन हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डीडीएमओ ने बताया कि जनपद की भौगोलिक स्थिति अत्यंत जटिल होने के साथ भूकंप की दृष्टि से भी जिले को अत्यंत संवेदनशील जोन-5 में रखा गया है। चारधाम यात्रा के दौरान बद्रीनाथ एवं हेमकुंड साहिब में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं एवं यात्री वाहनों की आवाजाही रहती है। प्राकृतिक आपदाओं एवं दुर्घटनाओं के घटित होने पर तत्काल खोज एवं बचाव कार्य किए जाने हेतु जनपद आपदा मोचन दल का गठन किया गया है

## पुलिस ने वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

चमोली : पुलिस ने पोस्को अधिनियम के अंतर्गत वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 20 जून को थाना थराली में एक व्यक्ति ने तहरीर दी गयी कि उनकी नाबालिक बेटी 11 जून को बिना बताए घर से लापता हो गयी। जिसको दीपक राम द्वारा ऋषिकेश ले जाकर वादी की नाबालिक पुत्री के साथ दुष्कर्म किया गया। वादी की तहरीर के आधार पर थाना थराली पर मुकदमा दर्ज किया गया। नामजद अभियुक्त दीपक राम को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। पंजीकृत अभियोग में पीड़िता के न्यायालय के समक्ष अन्तर्गत धारा 164 सीआरपीसी के बयानों के आधार पर आरोपी योगेश का नाम प्रकाश में आया। वांछित आरोपी को 11 जुलाई को थाना थराली पर पोक्सो अधिनियम के अन्तर्गत देर शाम को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# राज्यपाल ने किया प्रो0 दीवान सिंह रावत को कुमाऊँ विवि, नैनीताल के कुलपति पद पर नियुक्त

देहरादून। राज्यपाल/ कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रो0 दीवान सिंह रावत को कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के कुलपति पद पर नियुक्त किया है। प्रो० दीवान सिंह रावत कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि अथवा अग्रेतर आदेश, जो भी पहले हो, तक कुलपति के पद पर नियुक्त किये गए हैं। प्रो0 रावत रसायन विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली में कार्यरत हैं। (बायोडाटा संलग्न)कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति पद हेतु शासन द्वारा गठित सर्च कमेटी को 114 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से सर्च कमेटी द्वारा कार्यवाही करते हुए 05 नामों की संस्तुति की गई। राजभवन में सर्च कमेटी द्वारा संस्तुत किए गए पांचों अभ्यर्थियों से राज्यपाल द्वारा अलग–अगल पारस्परिक वार्तालाप किया गया। अभ्यर्थियों से विश्वविद्यालय से संबंधित उनके विजन, रणनीति और विचारों के संबंध में वार्तालाप किया गया। वार्तालाप के उपरांत राज्यपाल/कुलाधिपति द्वारा प्रो० दीवान सिंह रावत को कुलपति पद हेतु चयनित किया गया। संपूर्ण प्रक्रिया की पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित करने के लिए वार्तालाप की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई। राज्यपाल/ कुलाधिपति के निर्देश के क्रम में प्रदेश के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों में कुलपति पद की चयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता तथा शुचिता के दृष्टिगत सर्च कमेटी द्वारा संस्तुत किये गये पैनल में सम्मिलित सभी नामों से राज्यपाल के वार्तालाप के समय की वीडियो रिकॉर्डिंग की जा रही है। इससे पूर्व वीर माधोसिंह भण्डारी उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, गो० ब० पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर, वानिकी विश्वविद्यालय भरसार पौड़ी, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार एवं देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल के कुलपति पद पर भी सर्च कमेटी द्वारा संस्तुत पैनल में सभी अभ्यर्थियों के साथ वीडियो रिकॉर्डिंग सहित पारस्परिक वार्तालाप किया गया।

## जरूरतमंदों को दिए आर्थिक सहायता के चेक

देहरादून। कैंट विधायक सविता कपूर ने वसंत विहार स्थित कार्यालय में मुख्यमंत्री राहत कोष से प्राप्त आर्थिक सहायता के चेक जरूरतमंदों को उपलब्ध कराए। सविता कपूर ने बताया कि अनेक ऐसे लोग हैं, जिनको बच्चों की फीस, बीमारी व अन्य आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ता है।

# ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब के झांसे में गंवाए दस लाख रुपये

देहरादून। ऑनलाइन पार्ट टाइम काम कर प्रतिदिन 21 हजार रुपये कमाने के झांसे में महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई। आरोप है कि उसे टास्क देकर उनके जरिए दस लाख रुपये ठग लिए गए। धोखाधड़ी को लेकर शेलमा बहादुर निवासी न्यू तिब्बती कॉलोनी, सहस्त्रधारा रोड ने राजपुर थाने में तहरीर दी। बताया कि 24 जून को एक मैसेज आया। जिसमें लिखा था कि उनका जॉब एप्लीकेशन पूरा हो गया है। प्रतिदिन 21 हजार रुपये कमाई का झांसा दिया गया। उन्हें एक आईडी दी गई। इसका सौ रुपये चार्ज लिया गया। इसके बाद उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। जिसमें प्रोडक्ट के हिसाब से टास्क दिए जाने लगे। इसमें मोटी कमाई का झांसा देकर दस लाख रुपये जमा करवा लिए गए। महिला ने रकम निकालने की कोशिश तो और रकम मांगी गई। तब पीड़िता को समझ आया कि वह साइबर ठगों के चंगुल में फंसी है। एसओ राजपुर जितेंद्र चौहान ने बताया कि तहरीर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## चिकित्सकों ने बाजू में काली पट्टी बांधकर देखे मरीज

देहरादून। चमोली के घाट में डाक्टर से हुई मारपीट के विरोध में दून के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों ने बाहों में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। आक्रोशित डाक्टरों ने मारपीट के आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

दून के कोरोनेशन, गांधी अस्पताल, सीएचसी रायपुर और प्रेमनगर आदि अस्पतालों के डॉक्टर सुबह ड्यूटी पर पहुंचे और उन्होंने बाहों में काली पट्टी बांधकर मरीज देखे। पीएमएचएस के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि चमोली के घाट में डॉक्टर के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की है। जिस पर डॉक्टरों ने विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर काम किया है।

# संस्थान के हित में कर्मचारी पूरी तन्मयता से काम करें : विश्नोई

## 36वां स्थापना दिवस टीएचडीसी ने धूमधाम से मनाया

टिहरी : टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने टिहरी में 36वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। टीएचडीसीआईएल के बहुउद्देशीय भवन प्रांगण में स्थापना दिवस समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्य महाप्रबंधक ओ एण्ड एमआरआर सेमवाल ने टीएचडीसी इंडिया के ध्वज का ध्वजारोहण कर किया। सीएसआईएफ के जवानों ने इस मौके पर गार्ड आफ की सलामी दी।

इस मौके पर अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड आरके विश्नोई ने कारपोरेट कार्यालय ऋषिकेश से विभिन्न यूनिटों में कार्यरत कार्मिकों को आन लाइन प्रसारण के माध्यम से संबोधित कर शुभकामनायें देते हुए कहा कि संस्थान के हित में कर्मचारी पूरी तन्मयता से काम करें। जिसके बाद आरआ सेमवाल ने अपने संबोधन में कहा कि टीएचडीसी अपना 36वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना रही है।

इसलिए हमें आगे भी इसी तरह से संस्थान को आगे बढ़ाते हुए टीएचडीसी की दीर्घायु के लिए काम करते रहना है। सभी के सहयोग से संस्थान को उच्च स्तर पर पहुंचाने का काम किया जा सकता है। टिहरी व कोटेश्वर बांध के अब पीएसपी का काम तेजी से किया जा रहा है।

जिससे जल्दी ही उत्पादन शुरू कर देश निर्माण में एक ओर कदम आगे बढ़ाया जायेगा। दूसरी ओर स्थापना दिवस पर कोटेश्वर हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में महाप्रबंधक अनिरुद्ध विश्नोई ने ध्वजारोहण कर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि टीएचडीसी देश निर्माण के साथ ही सीएसआर मद से लोगों की मदद के लिए निरंतर काम कर रहा है। हमें भी देश व संस्थान के पूरी इमानदारी से काम करना होगा। ताकि ऊर्जा क्षेत्र में हमारा योगदान श्रेष्ठ बना रहे। इस मौके पर महा प्रबंधक सीपी सिंह, महा प्रबंधक अभिषेक गौड़, महा प्रबंधक नियोजन एमके सिंह, अनूप राज गैरोला, विजय सहगल, दिनेश शुक्ला, नमिता डिमरी, दुर्गेश शुक्ला, प्रबंधक जन संपर्क मनबीर सिंह नेगी सहित दर्जनों मौजूद रहे। (एजेंसी)

## राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा टीएचडीसी : किशोर

टिहरी : विधायक किशोर उपाध्याय ने टीएचडीसी के स्थापना दिवस पर टीएचडीसी परिवार को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें प्रदान की हैं। उपाध्याय ने कहा कि टीएचडीसी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश के विकास को नये रूप में परिभाषित कर रहा है। बांध के लिये अपना सब कुछ बलिदान करने वाले विस्थापितों व प्रभावितों के जीवन में भी उजाला आये, उसके लिये संकल्पित होना चाहिये, उसमें स्थानीय जन प्रतिनिधियों का सहयोग टीएचडीसी यदि लेगा तो उनके प्रयत्नों को नये आयाम मिलेंगे। उन्होंने कहा कि टीएचडीसी का मुख्यालय यदि ऋषिकेश स्थापित हुआ है, तो उसका श्रेय महा पंचायतों के संघर्ष और तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी को जाता है। जिसका लाभ उत्तराखंड को मिल रहा है। अब राज्य को टीएचडीसी में अपनी 25 प्रतिशत भागीदारी लेनी है, मैं भी उसके लिये कार्य करूँगा। टीएचडीसी अब वैश्विक स्तर पर अपने पद छाप छोड़ रहा है, हमें गर्व है। (एजेंसी)

### संक्षिप्त समाचार

## टीएचडी ने धूमधाम से मनाया 36वां स्थापना दिवस

चमोली : टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की निर्माणाधीन महत्वपूर्ण परियोजना वीपीएचईपी, पीपलकोटी में अपना 36 वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए ओएसडी (परियोजना) आरएन सिंह ने अलकनंदापुरम, पीपलकोटी में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड का ध्वज फहराया और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। टीएचडीसी समेत परियोजना से जुड़े अन्य एजेंसियों के कर्मचारियों को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक) आरके. विश्नोई का कर्मचारियों का नाम दिया संदेश सुनाया गया। ओएसडी (परियोजना) ने कर्मचारियों के सम्मुख परियोजना का इस वर्ष के कार्यों की प्रगति का ब्यौरा रखा। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि इस विद्युत परियोजना का लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। इस अवसर पर महाप्रबंधक (परियोजना) अजय वर्मा, अपर महाप्रबंधक (बांध) पीएस रावत, अपर महाप्रबंधक (नियोजन) पीसी त्यागी, अपर महाप्रबंधक (हैमकै) केपी सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशा.) एसबी प्रसाद, उप प्रबंधक (जनसंपर्क) यतवीर सिंह चौहान अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

## डॉक्टर से मारपीट मामले में चार और आरोपी गिरफ्तार

चमोली : चमोली जिले के नन्दा नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर के साथ मारपीट के मामले में वांछित चल रहे चार और आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

10 जुलाई को नन्दानगर घाट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. रोहित चौहान के साथ ड्यूटी के दौरान 6 युवकों द्वारा मारपीट, गाली गलौच, जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार डा. रोहित चौहान की तहरीर के आधार पर थाना नन्दानगर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# मुख्य सचिव अध्यक्षता में हुई हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र, गढ़ीकैंट देहरादून के संचालन हेतु गठित समिति की प्रथम बैठक

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र, गढ़ीकैंट देहरादून के संचालन हेतु गठित समिति की प्रथम बैठक आयोजित हुई।

मुख्य सचिव ने कहा कि हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र के अंतर्गत रंगमंच, प्रदर्शनी के लिए स्थान और देहरादून में सबसे बड़े सभागार के साथ ही अच्छी पार्किंग सुविधा होने से यह अत्यधिक उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि इसका अधिक से अधिक उपयोग हो सके इसके लिए इसके प्रचार प्रसार पर भी ध्यान दिया जाए।मुख्य सचिव ने कहा कि संस्कृति विभाग द्वारा हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र में ही कलाकारों के लिए वर्कशॉप आयोजित की जाएं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों आदि के आयोजन के लिए न्यूनतम किराया रखा जाए। उन्होंने कहा कि छात्रों और विद्यालयों के लिए प्रदर्शनी का निशुल्क प्रवेश की व्यवस्था रखी जा सकती है।



## भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने दरबार साहिब में टेका मत्था

देहरादून। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने दरबार साहिब में माथा टेका और दरबार साहिब के श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। दोनों के बीच प्रदेश के समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। दरबार साहिब की परंपरा के अनुसार उनका स्वागत किया गया। अजेय कुमार ने महाराज के दिशा निर्देशन में चल रहे एसजीआरआर ग्रुप के संस्थानों की प्रशंसा की। महंत इन्दिरेश अस्पताल की ओर से स्वास्थ्य व चिकित्सा सेवा में किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों को महत्वपूर्ण बताया। प्रदेश संगठन महामंत्री ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी एसजीआरआर एजुकेशन मिशन इसी प्रकार जनहित से जुड़े उल्लेखनीय कार्य करता रहेगा। श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज ने गुरु राम राय विश्वविद्यालय, गुरु राम राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एण्ड हेल्थ साइंसेज व एसजीआरआर एजुकेशन मिशन के तहत संचालित स्कूलों के क्रिया कलापों के बारे में बताया।

# 14 जुलाई से दून में देखिए गढ़वाली फिल्म जय धारी देवी

देहरादून। उत्तराखंड फिल्म्स प्रोडक्शन, एसएनएन फिल्म्स के बैनर तले बनी गढ़वाली फीचर फिल्म जय मां धारी देवी का ट्रेलर व पोस्टर लांच दून में दून लाइब्रेरी के पास किया गया। यह फिल्म 14 जुलाई से दून के राजपुर रोड स्थित सिल्वरसिटी मल्टीप्लेक्स में दिखाई जाएगी।

जय धारी देवी फिल्म के लेखक, निर्माता, निर्देशक देबू रावत ने बताया कि जय मां धारी देवी फिल्म की शूटिंग कलियासौड़ गांव और धारी देवी मंदिर में हुई है। गीत, संगीत नरेंद्र सिंह नेगी का है। उन्होने धारी देवी पर आधारित दो भजन भी गाए हैं। अन्य गायकों में मीना राणा, लेखराज भंडारी, अंजलि खरे और मंजू सुंदरियाल ने भी स्वर दिया है। मुख्य कलाकार गौरव गैरोला, शिवानी भंडारी, राजेश मालगुड़ी, गीता उनियाल, सुमन गौड़, अजय सिंह बिष्ट, आनंद सिलस्वाल, राजेश जोशी, विनीता नेगी और जगमोहन रावत हैं। ये फिल्म 02 जून को दिल्ली के चार सिनेमाघरों में एक साथ रिलीज हुई और वेगास मॉल द्वारका में 5 हफ्ते तक चली। फिल्म की कहानी मां धारी देवी की महिमा, आस्था, वरदान और एक निसंतान दुःखी दम्पति की कहानी पर आधारित है। मौके पर फिल्म के डिजिटल निर्माता सोहन उनियाल, अशोक चौहान, संजय चमोली, बलदेव राणा, शकुंतला रमोला इस मौके पर मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने सरकार के विरोध में किया सत्याग्रह

पिथौरागढ़। नगर में कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में सत्याग्रह किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार में आमजन का जीना दुश्वार हो गया है। बढ़ती महंगाई के बीच बेरोजगारी से लोग परेशान हैं। बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोहर टोलिया के नेतृत्व में कार्यकर्ता गांधी चौक में एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और बाद में धरने में बैठ गए। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2014 में अच्छ दिनों का सपना दिखाकर भाजपा की सरकार सत्ता में आई, लेकिन सत्ता में काबिज होने के बाद आमजन को धोखा देने का काम किया है। कहा रसोई गैस से लेकर खाद्य सामाग्री के दाम निरंतर बढ़ रहे हैं। वर्तमान में रसोई गैस 1100 रुपये पार पहुंच गई है। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेंद्र बोरा, चंचल चौहान, अजय अवस्थी, गणेश कन्याल, बंशीधर जोशी, पुष्पा देउ्रा, द्रोपदी काफलिया, माया मेहता, पुष्पा भंडारी, मनोहर कन्याल सहित कई कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## 17 जुलाई को हरेला पर्व पर सार्वजनिक अवकाश घोषित

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रदेश में हरेला पर्व के सार्वजनिक अवकाश 16 जुलाई के स्थान पर 17 जुलाई को घोषित किये जाने के निर्देश दिये थे। प्रदेश में हरेला का पर्व भी 17 जुलाई को मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में सचिव सामान्य प्रशासन विनोद कुमार सुमन द्वारा इस संबंध में शासनादेश जारी किया गया है। जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रदेश में हरेला पर्व हेतु दिनांक 16 जुलाई, 2023 (रविवार) को अवकाश घोषित किया गया था। विभिन्न माध्यमों से यह ज्ञात हुआ है कि हरेला पर्व दिनांक 16 जुलाई, 2023 के स्थान पर दिनांक 17 जुलाई 2023 को मनाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में सम्यक विचारोपरान्त उक्त विज्ञप्ति में आंशिक संशोधन करते हुए हरेला पर्व हेतु दिनांक 16 जुलाई 2023 (रविवार) के स्थान पर दिनांक 17 जुलाई 2023 (सोमवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

# हार्ट रोगियों को नहीं किया जाएगा प्राइवेट अस्पतालों में रेफर: धन सिंह

देहरादून। राज्य के सरकारी अस्पतालों से अब हार्ट के रोगियों को प्राइवेट अस्पतालों में रेफर नहीं किया जाएगा। दून मेडिकल कॉलेज में कैथ लैब तैयार हो गई है और अब जल्द ही इसमें हार्ट के रोगियों को एंजियोप्लास्टी से लेकर हार्ट सर्जरी की सुविधा मिलेगी।स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बुधवार को होटल पैसेफिक में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख माडविया और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को दून मेडिकल कॉलेज की कैथ लैब का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य में यह पहली सरकारी कैथ लैब है और इसके बन जाने के बाद अब मरीजों को प्राइवेट अस्पताल और एम्स रेफर नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अब सरकारी अस्पतालों में ही मरीजों को हार्ट के सभी इलाज मिलने लगेंगे। उन्होंने कहा कि श्रीनगर में भी कैथ लैब स्थापना का काम चल रहा है। जल्द वहां भी हार्ट के मरीजों का इलाज शुरू हो जाएगा।



**चिंतन शिविर की तैयारी पूरी, 26 राज्यों ने दी हामी**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से राज्य में आयोजित होने वाले चिंतन शिविर के लिए अभी तक 26 राज्यों की सहमति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि शिविर में मेघालय और सिक्किम के मुख्यमंत्री के अलावा यूपी और बिहार के उप मुख्यमंत्रियों के अलावा 22 अन्य राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री आने की सहमति दे चुके हैं।

# राज्यपाल ने उत्तराखण्ड राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र का भ्रमण कर अधिकारियों से ली जानकारी

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को सचिवालय स्थित उत्तराखण्ड राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र का भ्रमण कर अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से वर्तमान में हो रही वर्षा की स्थिति, नदियों के जलस्तर, मार्गों की स्थिति सहित आगामी दिनों के पूर्वानुमान और उसकी तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। राज्यपाल ने वर्तमान में लगातार हो रही वर्षा और मानसून की चुनौती से निपटने के लिए टीम भावना से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी चुनौती से निपटने के लिए अंतर्विभागीय एवं जिलों से सामंजस्य बेहद जरूरी है।



राज्यपाल ने कहा कि किसी भी चुनौती से निपटने के लिए हमारी पूर्व तैयारियां बेहतर हो यह आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में 247 अलर्ट रहने की जरूरत है। उन्होंने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की तैयारियों और जिलों से समन्वय पर संतोष जताया और किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। राज्यपाल ने कहा कि जिलों सहित राज्य स्तर आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी बेहतर समन्वय से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आपदा प्रबन्धन में नई टेक्नोलॉजी के उपयोग पर भी यूएसडीएमए की प्रशंसा की।

राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में चारधाम यात्रा और कांवड़ यात्रा भी चल रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक यात्री की सुरक्षा और उनकी उचित देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमें प्राकृतिक आपदा जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए पूर्व अनुभवों से भी सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में मानसून काल का समय हमेशा कठिन रहता है लेकिन हमारी तैयारियां किसी भी चुनौती से निपटने के लिए बेहतर हैं।

इस अवसर पर सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि सभी जिलों से वर्षा, नदियों के जलस्तर, मार्गों की स्थिति की रिपोर्ट ली जा रही है। उन्होंने बताया कि आपातकालीन केंद्र द्वारा सभी जिलों को मौसम पूर्वानुमान और अन्य एडवाइजरी समय–समय पर जारी की जा रही है। उन्होंने अवगत कराया कि वर्ल्ड बैंक के सहयोग से आईटी पार्क में नया राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र बन रहा है। सितम्बर माह तक वहां स्टेट कंट्रोल रूम को स्थानांतरित किया जाएगा।

अपर सचिव आपदा प्रबन्धन सविन बंसल ने जानकारी दी कि मानसून में नदियों का जलस्तर बढ़ जाता है।

# एक युवक का शव हुआ बरामद, दो लापता, नदी के बीच खड्ड में फंसी कार

## कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य लालपुल के समीप खोह नदी में गिरी थी कार, खोह में फंसे एक युवक को एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर निकाला बाहर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नजीबाबाद-बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य लालपुल के समीप हुई कार दुर्घटना में लापता तीन युवकों में से एक युवक का पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। वहीं, घटनास्थल से करीब आधे किलोमीटर दूर खोह नदी के तट पर फंसे एक अन्य युवक को एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर सकुशल बाहर निकाला। वहीं, दो अन्य लापता युवाओं की खोज में एसडीआरएफ की टीम देर शाम तक रेस्क्यू अभियान चलाती रही। टीम को सिद्धबली मंदिर के समीप दुर्घटनाग्रस्त हुई कार भी दिखाई दी। लेकिन, नदी का जलस्तर अधिक होने के कारण कार बाहर निकालने में परेशानी हो रही थी।

मंगलवार दोपहर जिला बिजनौर, थाना कीरतपुर, ग्राम भनेड़ा निवासी इसरार, शहाबुद्दीन, शाहिल, ग्राम बसेड़ा निवासी गुलशेर व वसीम अपनी कार से घूमने के लिए दुगड्डा आए हुए थे। देर शाम करीब सात बजे जब वह वापस लौट रहे थे तो लालपुर के समीप उनकी कार अनियंत्रित होकर खोह नदी में समा गई। दुर्घटना के दौरान कार की अगली सीट पर बैठा गुलशेर छिटक कर झाड़ियों में गिर गया। जिसे राष्ट्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रहे वाहन चालकों ने राजकीय बेस चिकित्सालय पहुंचाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ टीम अन्य युवकों की तलाश में जुटी रही। घटनास्थल से करीब आधा किलोमीटर दूर खोह नदी के तट पर फंसे शाहिल को चार घंटे के रेस्क्यू के बाद मध्य रात्रि में सकुशल बाहर निकाला गया। वहीं, बुधवार तड़के सिद्धबली पुल से करीब एक किलोमीटर आगे एसडीआरएफ ने इसरार का शव बरामद किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि वसीम व शाहबुद्दीन की तलाश में पुलिस व एसडीआरएफ ने पूरे दिन अभियान चलाया। लेकिन, उनका कोई सुराग नहीं मिला। अभियान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुई कार सिद्धबली मंदिर के समीप खोह नदी की गहराई में दिखाई दी। कार को नदी से बाहर निकालने के लिए एसडीआरएफ व पुलिस टीम क्रैन सहित अन्य मशीने लेकर पहुंची थी। लेकिन नदी का जलस्तर अधिक होने के कारण अभियान चलाने में काफी परेशानी हो रही थी।



कोटद्वार की खोह नदी में रेस्कूय अभियान चलाती एसडीआरएफ

### अनियंत्रित होकर नदी में गिरी थी कार

बताते चलें कि बीती रात करीब सात बजे कोटद्वार से करीब 3 किलोमीटर आगे दुगड्डा की ओर लालपुर के समीप एक कार अनियंत्रित होकर खोह नदी में जा गिरी। कार में जनपद बिजनौर निवासी 5 युवक सवार थे, जो दुगड्डा क्षेत्र में घूमने के लिए आए थे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार से छिटक कर गिरे ग्राम बसेड़ा निवासी गुलशेर को उपचार के लिए बेस चिकित्सालय में भेज दिया। जबकि ग्राम मेमन निवासी साहिल नदी के दूसरे छोर पर नजर आया।

### रेस्क्यू किये गए व्यक्तियों के नाम

◆गुलशेर पुत्र अनवर, निवासी ग्राम बसेड़ा, थाना किरतपुर जनपद बिजनौर उ.प्र.

◆मुशर्रफ पुत्र राजव अली निवासी मेनन सादात थाना किरतपुर बिजनौर उ.प्र.

### मृतक का नाम पता

इशरार पुत्र सुक्खे निवासी ग्राम भनेड़ा बिजनौर उ.प्र.

### लापता व्यक्तियों का नाम पता

◆सीम पुत्र यामीन निवासी ग्राम बसेड़ा थाना किरतपुर जनपद बिजनौर उ.प्र.

◆शहाबुद्दीन निवासी ग्राम मेनन भनेड़ा बिजनौर उ.प्र

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस पदाधिकारियों ने किया सत्याग्रह

### केंद्र व प्रदेश सरकार पर लगाया जनता के शोषण का आरोप



कोटद्वार तहसील में सत्याग्रह करते कांग्रेस कार्यकर्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : देश में लगातार बढ़ रही महंगाई व कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता निरस्त किए जाने से आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील में सत्याग्रह किया। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनता का शोषण कर रही है।

बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की प्रतिमा के सामने एकत्र हुए और जमीन पर बैठकर हाथ में नारे लिखी तख्तियों को लेकर सत्याग्रह किया। जिलाध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर जनविरोधी नीतियों को अपनाने का आरोप लगाया। कहा कि जनता की आवाज को मुखर रूप से उठाने पर राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त कर दी गई है। देश में लोग महंगाई से परेशान हैं, लेकिन सरकार किसी को राहत नहीं दे रही है। अब आने वाले लोकसभा चुनाव में देश की जनता इसका जवाब देगी। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. चंद्रमोहन खर्कवाल, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय नारायण सिंह, पूर्व प्रदेश महामंत्री रंजना रावत, गुड्डू सिंह चौहान, नसीम अहमद, बलवीर सिंह रावत, विजय रावत, सुधा असवाल और नीलम रावत आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने दी संसद घेराव की चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने वन रैंक, वन पेंशन में व्याप्त विसंगितयों को दूर करने की मांग की है। साथ ही इस संबध में शीघ्र कार्रवाई न होने पर संसद घेराव की चेतावनी दी है।

इस संबध में समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत व मीडिया प्रभारी बलवान सिंह रावत की ओर से गढ़वाल सांसद तीरथ सिह रावत को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि वन रैंक, वन पेंशन-2 में व्याप्त विसंगितयों को दूर करने को लेकर पूर्व सैनिकों की ओर से दिल्ली में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन अभी तक उनकी मांग पर कोई सुनवाई नहीं हुई है। कहा कि समस्या को सुलझाने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट के तीन सेवानिवृत्त जजों की कमेटी का गठन किया जाना चाहिए। ज्ञापन में चेतावनी भी दी गई है कि इस संबध में शीघ्र कार्रवाई न होने पर पूर्व सैनिक 23 जुलाई को संसद का घेराव करने पर मजबूर होंगे।

# राजकीय बेस अस्पताल में खुला कियोस्क हेल्प डेस्क

**कोटद्वार:** आयुष्मान भारत योजना का लाभ लेने व गोल्डन कार्ड जारी करने के लिए चयनित परिवारों को अब राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में भटकना नहीं पड़ेगा। योजना के बेहतर लाभ के लिए अस्पताल में कियोस्क हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया गया है। इसमें तैनात आयुष्मान मित्र गोल्डन कार्ड जारी करने के साथ ही संबंधित बीमारी के चिकित्सक इलाज की भी पूरी जानकारी देंगे।

बुधवार को प्रभारी प्रमुख अधीक्षक डा. दिनेश कुमार, डा. वीसी काला, डा. जेसी ध्यानी ने संयुक्त रूप से कियोस्क हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया। डा. दिनेश कुमार ने कहा कि गरीब व असहाय परिवारों को बेहतर उपचार मिल सकें इसके लिए केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार योजनाएं बना रही है। कियोस्क हेल्प डेस्क खुलने के बाद आयुष्मान भारत योजना का लाभ लेने वाले मरीज व उनके तीमारदारों को भर्ती व इलाज से संबंधित जानकारी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। यही नहीं हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मचारी मरीज के उपचार से संबंधित दस्तावेजों को तैयार करने में पूरा सहयोग करेंगे। कहा कि जितनी भी योजनाएं मरीजों के लिए अस्पताल में चल रही हैं, सभी की जानकारी कियोस्क हेल्प डेस्क पर आसानी से मिल सकेगी। साथ ही 12 से 15 जुलाई तक हेल्प डेस्क में निःशुल्क आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री आरोग्य मित्र नितिन सिंह नेगी, पवन कुमार, प्रीतम कुमार, बलवीर सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# मालिनी घाटी की सड़कों पर आया मलबा, कटा ग्राम सभाओं का संपर्क

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पिछले चार दिन से लगातार हो रही बारिश से पौखाल क्षेत्र में जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। मालिनी घाटी की सैकड़ों ग्राम सभाओं को जोड़ने वाली सड़कें मलबे से गायब हो चुकी हैं। ऐसे में ग्रामीणों को आवाजाही करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी लोक निर्माण विभाग सड़कें खोलने की सुध नहीं ले रहा।

दुगड्डा प्रखंड के अंतर्गत पौखाल क्षेत्र में मालिनी घाटी को जोड़ने वाली कई सड़कें मलबे में दब गई हैं। ग्रामीण सुशील मैठाणी, भूपेंद्र काला, राघवेंद्र रावत, संदीप काला, सुनील जखमोला, विनोद रावत, मनोज मैठाणी ने बताया कि यह सड़कें ग्राम बिजनूर, मांडई, बड़ोलगांव, मलनिया, चंडा, दुणी, सैड, कलवासैन को आपस में जोड़ती थी। लेकिन, अब ग्राम सभाओं का संपर्क पूरी तरह से कट चुका है। सड़कों पर मलबा आने से वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो चुकी है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी बीमार ग्रामीणों को अस्पताल तक पहुंचाने में हो रही है। ग्रामीणों को राशन, सब्जी व अन्य सामान लाने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है। बारिश के कारण पिछले दो दिन से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति भी ठप पड़ी हुई है। लगातार शिकायत के बाद भी ऊर्जा निगम समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है। गांव में बिजली नहीं होने के कारण जंगली जानवरों का भी खतरा बढ़ता जा रहा है। ग्रमीणों ने जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई।

### आठ दिवसीय प्रशिक्षण शिविर दस से

**कोटद्वार** : पर्यटन विभाग की ओर से हैरिटेज टूर गाइडों का आठ दिवसीय प्रशिक्षण आगामी 10 अगस्त से कोटद्वार में प्रस्तावित है। प्रशिक्षण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 8 अगस्त निर्धारित की गई है। सहायक पर्यटन अधिकारी संजय सिंह नेगी ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी का इंटर पास होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में सहायक पर्यटन अधिकारी कार्यालय कोटद्वार से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### क्षुब्ध कांग्रेसियों ने किया मौन सत्याग्रह

**पौड़ी :** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर अनर्गल आरोप लगाने और उनके खिलाफ दमनकारी फैसले से क्षुब्ध कांग्रेसियों ने बुधवार को कांग्रेस कार्यालय में मौन सत्याग्रह किया। बुधवार को कांग्रेस कार्यालय में मौन सत्याग्रह करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार अपने विरोधी नेताओं के खिलाफ दमनकारी नीति अपना रही है। केंद्र सरकार का ये डर बताता है कि वो राहुल गांधी के प्रश्न से कितना बिलबिला गए हैं। कहा कि राहुल गांधी की संसद सदस्यता गैर लोकतांत्रिक तरीके से रद्द की गई है। कहा कि संसद में तो हमारे नेता की आवाज सरकार दबा सकती है, लेकिन संसद के बाहर संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख दीपक कुकशाल, श्रीकांत, मोहित सिंह, नीलम रावत, विजयदर्शन, मनमोहन आदि मौजूद थे।

### परीक्षा परिणाम में अनियमितताओं पर भड़का जय हो संगठन

**जयन्त प्रतिनिधि**

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बीएससी पंचम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में अनियमितताओं को लेकर जय हो संगठन के सुधांशु थपलियाल के नेतृत्व में छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक से वार्ता की।

इस दौरान छात्र नेताओं ने कहा कि हाल ही में बीएससी पंचम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है। जिसमें कई छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणामों में अनुपस्थित दिखाया गया है जबकि बेहतर प्रदर्शन के बाद कई छात्रों को बहुत कम अंक प्रदान किए गए हैं। उन्होंने ऐसे छात्रों के परीक्षा परिणाम में जल्द सुधार करने की मांग की। साथ ही कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा सीबीसीएस के छात्रों को एक अंतिम अवसर देते हुए अंक सुधार परीक्षा देने की सहमति जताई गई थी, लेकिन अभी तक इस परीक्षा के संदर्भ में कोई निर्देश जारी नहीं हुए हैं।

उन्होंने उक्त परीक्षा को नए सत्र शुरू होने से पहले करवाने की मांग की। जिससे छात्र नए सत्र में प्रवेश ले सकें। वार्ता में पुनीत अग्रवाल, सौरभ रावत, नरेंद्र रावत, आयुष थपलियाल, नीरज पंवार, ऋतिक राणा, सूरज, शुभम आदि छात्र मौजूद रहे। (एजेंसी)

### ठोस नीति नहीं बनने से अतिथि शिक्षक नाराज, दी आंदोलन की चेतावनी

**पौड़ी** : माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ ने उनके लिए ठोस नीति नहीं बनाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। संघ ने गृह जनपद में समायोजन करने, शीतकालीन व ग्रीष्मकालीन अवकाश का वेतन देने दिए जाने की मांग की है। बुधवार को माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ की ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर संघ की जिलाध्यक्ष रेखा रावत, उपाध्यक्ष ऊषा गुसांई ने कहा कि अतिथि शिक्षक अल्प मानदेय में दुर्गम क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे है, लेकिन सरकार उनके लिए आज तक ठोस नीति नही बना पाई है। कहा कि दूसरे जनपदों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को गृह जनपदों में तैनाती देने का शासनादेश जारी नहीं होने से अतिथि शिक्षकों में आक्रोश बना हुआ है। कहा कि शीतकालीव व ग्रीष्मकालीन अवकाश का वेतन अन्य जनपदों को मिल गया है, लेकिन पौड़ी जिले के शिक्षकों को यह वेतन नहीं मिल पाया है। जिससे शिक्षकों को आर्थिकी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। स्थानांतरणों से प्रभावित हुए अतिथि शिक्षकों का समायोजन नहीं होने पर भी अतिथि शिक्षकों ने नाराजगी जताई। अतिथि शिक्षकों ने कहा कि जल्द ही समस्याएं हल नही होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर अनिल जोशी, चंद्र रावत, वंदना राज, नागेंद्र रावत, सविता रावत, निधि, शिखा रावत, विकास गुसांई, मनोज आदि मौजूद थे।

# जयहरीखाल ब्लॉक के एक दर्जन से अधिक गांवों में बिजली और पानी का संकट

**जयन्त प्रतिनिधि**

**सतपुली** : विकासखंड जयहरीखाल के एक दर्जन से अधिक गांवों में मंगलवार से बाधित बिजली की आपूर्ति बुधवार दोपहर तक भी सुचारु नहीं हो पाई है। जिस कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बारिश के कारण मोली सामूहिक पेयजल योजना भी टूट गई है। जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से भी दो-चार होना पड़ रहा है।

बिजली के पोलों पर पेड़ों के गिर जाने के कारण गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। हालांकि ऊर्जा निगम के अधिकारियों ने शाम तक सप्लाई सुचारु करने की बात कही है। वहीं गांवों से होकर गुजरने वाली सड़क सतपुली-दुधारखाल-रामनगर भी गवाणा के पास क्षतिग्रस्त हो गई। बुधवार को सुबह से ही लोनिवि सड़क को खोलने में जुटा है। लोनिवि के एसई पीएस बृजवाल ने बताया कि भारी बारिश के कारण सड़क का काफी हिस्सा टूट गया है। सड़क को खोलने का काम किया जा रहा है।

सांसद प्रतिनिधि मनोहर लाल खंतवाल ने बताया कि तेज बारिश के कारण मोली सामूहिक पेयजल योजना के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण सप्लाई बाधित हो गई। जबकि बिजली के खंभों पर पेड़ गिरने से बिजली की सप्लाई ठप है।

दुधारखाल, कांडई, मोली, तोली, बबीना, घेरावा, टसीला, वड्डा, चौड़ आदि गांवों में मंगलवार दोपहर से बिजली नहीं है। सतपुली-दुधारखाल-रामनगर सड़क गवाणा के पास टूट जाने के कारण काम में देरी हो रही है। वहीं बबीना, तोली, कोटा, दुधारखाल, मोली, पास्ता, मोलखंड़ी आदि गांवों में पेयजल सप्लाई बाधित हो गई है। यूपीसीएल के एसडीओ सतपुली मुकेश कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त पोलों को ठीक किया जा रहा है। शाम तक गांवों में सप्लाई को सुचारु कर दिया जाएगा।



भारी बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त विद्युत पोल।

# डीएम ने पीएमजीएसवाई के अफसरों को लगाई फटकार

### आपदा के दौरान लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने भारी बारीश से क्षतिग्रस्त हुए सतपुली-दुधारखाल मोटर मार्ग व ढोर-नगधार-बयाली मोटर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्र में बाधित हुई पीएमजीएसवाई की खड़खोली मोटर मार्ग को खोलने में पीएमजीएसवाई के अधिकारियों द्वारा दिखाई जा रही सुस्ती पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि आपदा के दौरान लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बुधवार को जिलाधिकारी ने लोनिवि के अधिकारियों के साथ दुधारखाल मोटर मार्ग का निरीक्षण किया।

ढोर-नगधार-बयाली मोटर मार्ग का निरीक्षण करते हुए उन्होंने जल्द ही मोटरमार्ग को ठीक करने के निर्देश दिए। ढोर-नगधार-बयाली मोटर के क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र के दूरस्थ गांव देवस्थल के लिए डीएम ने तहसील स्तर पर आपदा की एक टीम का गठन कर क्षेत्र में रवाना करने के लिए एसडीएम को निर्देश दिए।



डीएम डॉ. आशीष चौहान निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

डीएम ने अफसरो को निर्देश दिए कि जिस गति से सड़कें बाधित हो रही है उसकी दुगनी गति से सड़कों को खोला जाए।

इस दौरान डीएम ने पाताल-मांडाखाल मोटर मार्ग का निरीक्षण करते हुए एनएच के अफसरों को जमकर फटकार लगाई। इस मौके पर एसडीएम सतपुली संदीप कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग पीएस बिष्ट, डीएस कुटियाल, तहसीलदार सुधा डोभाल आदि मौजूद रहे।

# जलभराव की समस्या से निजात की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : लालपुर क्षेत्र में जलभराव से परेशान लोगों ने समस्या के समाधान के लिए उपजिलाधिकारी से गुहार लगाई है।

उपजिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में लालपुर निवासी कैलाश चंद्र खंतवाल, देवेंद्र सिंह ने बताया कि लैंसडौन वन प्रभाग के जंगल से लालपुर घराट तक मुख्य सिंचाई नहर है। नहर में कचरा भर जाने के कारण पूरा पानी लालपुर की ओर आ जाता है। पानी लोगों के घरों और खेतों में घुस जाता है। जिसके कारण लोगों को परेशानी और नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वन विभाग से जंगल से आने वाले नाले पर जाल लगाने की मांग की गई, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने एसडीएम से सिंचाई नहर में जाल लगाने के लिए वन विभाग को निर्देशित करने की मांग की है।

# जनपद के उदीयमान खिलाड़ी हेतु 19 जुलाई से शुरु होगी चयन प्रक्रिया



अल्मोड़ा। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना की बैठक जिला अधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई।


के अंतर्गत 8 से 14 वर्ष तक के उदीयमान खिलाड़ियों का चयन छात्रवृत्ति हेतु किया जाना है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने न्याय पंचायत, विकास खंड व जिला स्तर पर खिलाड़ियों के चयन हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।बैठक में जिला क्रीड़ा अधिकारी अरूण बनग्याल ने जिला अधिकारी को अवगत कराया कि ह्यह्यमुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजनाह्यह्य के तहत अलग–अलग आयु वर्ग में जनपद के उदीयमान खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। उन्होंने बताया कि न्याय पंचायत व नगर पंचायत स्तर पर 19 जुलाई, 2023 से 22 जुलाई, 2023 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इसके बाद विकास खंड स्तर/नगरपालिका स्तर पर 24 जुलाई से 27 जुलाई 2023 तथा जिला स्तर पर 01 अगस्त, 2023 से 04 अगस्त, 2023 को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक न्याय पंचायत/नगर पंचायत, नगर निगम/नगरपालिका एवं प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर प्रतिभाग करने हेतु प्रत्येक विद्यालय से 2–2 बालक व बालिकाओं का चयन संबंधित विद्यालय द्वारा किया जाएगा।

## बीडीओ को मिला पालिका के ईओ का चार्ज

चम्पावत : लोहाघाट पालिका में ईओ का चार्ज लोहाघाट के बीडीओ अशोक अधिकारी को दिया गया है। डीएम ने वर्तमान ईओ के अधिकतर छुट्टी पर रहने के चलते इसके आादेश जारी किए हैं। पालिकाअध्यक्ष गोविंद वर्मा ने बताया कि वर्तमान ईओ प्रियंका रैंक्वाल अधिकतर छुट्टी पर रहने और चिकित्सा अवकाश के कारण लोहाघाट नगर के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जिस कारण साफ-सफाई व्यवस्था भी चरमरा गई। वर्मा ने बताया ईओ ने उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से 6 महीने की छुट्टी में जाने का मैसेज भी भेजा है।

इस बात की जानकारी उन्होंने डीएम नरेन्द्र सिंह भंडारी को दी। डीएम ने मामले का संज्ञान लेते हुए लोहाघाट ब्लॉक के बीडीओ अधिकारी को ईओ का अतिरिक्त चार्ज संभालने के आदेश दिए। (एजेंसी)

# चम्पावत में 22 सड़कें बंद, लोगों को दिक्कतें



चम्पावत : चम्पावत जिले भर में बारिश से 22 सड़कें बंद चल रही हैं। इनमें चार राज्य मार्ग और 18 ग्रामीण सड़कें शामिल हैं। सड़क बंद होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिला आपदा नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में 22 सड़कें बंद चल रही हैं। बताया कि बारिश से ककराली गेट-भैरव मंदिर राज्य मार्ग एक सप्ताह से अधिक समय से बंद चल रहा है। इसके अलावा ललुवापानी-बनलेख, सिमलखेत-काफलीखान-भनौली और मटियानी राज्य मार्ग बंद है। इसके अलावा जिले भर में 18 ग्रामीण सड़कें बंद चल रही है। इनमें लोनिवि चम्पावत की तीन, लोहाघाट की पांच, पीएमजीएसवाई चम्पावत की पांच, पीएमजीएसवाई लोहाघाट की तीन और एनपीसीसी चम्पावत की दो सड़कें शामिल हैं। लोनिवि चम्पावत की बिरगुल-गोली, लड़ाबोरा-क्वारसिंग व पुनाबे-सिप्टी-न्याड़ी सड़क बंद चल रही है। लोनिवि लोहाघाट की कजीना-पुनौली, मूलाकोट-कांडे-भुइयां, कामाज्यूला-भनार, उद्यूनढुंगा-कोठेरा व तड़ीगांव-इंद्रपुरी सड़क बंद है। पीएमजीएसवाई चम्पावत की खटोली मल्ली-वैला, अमोड़ी-छतकोट, धौन-द्यूरी-बजौन, सिप्टी-अमकड़िया व बांकू-सुल्ला-पासम सड़क बंद चल रही है। पीएमजीएसवाई लोहाघाट की बाराकोट-कोठेरा, तल्ला बापरू व रीठासाहिब-भिंगराड़ा सड़क बंद है। जबकि एनपीसीसी चम्पावत की धौन-बडोली और अमोड़ी छतकोट-घुरचुम पाली सड़क बंद चल रही है। सड़क बंद होने से वाहनों की आवजाही ठप हो गई है। इससे लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। (एजेंसी)

# रानीधारा में बारिश से भारी नुकसान



अल्मोड़ा। राज्य में बारिश का कहर बना हुआ है हर साल बारिश नई आपदा लेकर सामने आ रही है। अल्मोड़ा नगर का भी कमोबेश यही हाल नजर आ रहा है। रानीधारा और एनटीडी क्षेत्र इस आपदा की चपेट में नजर आया। भारी बारिश के कारण पानी के साथ कटान करते हुए मिट्टी का टीला भी बहता हुआ लोगों के लिए मुसीबत बनता नजर आया। रानीधारा में बीते दिन हुई भारी बारिश से आया मलवा एक दुकान और मकान के अंदर चला गया। जिससे भवन स्वामी का काफी नुकसान भी हुआ है। ये आफत का मलवा मकान पर ही नहीं रुका अपितु इसने रानीधारा के नौले से लेकर धार की तूनी मार्ग तक को अवरूद्ध कर दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है की अगर इस पर पूर्व में ही संज्ञान लिया जाता तो आज ये मलवा आफत बनकर लोगों के घरों और रास्तों में नहीं आता। वहीं बारिश से नगर की सड़कों पर भी मलवा आ गया जो सड़कों पर चलने वाले वाहन चालकों और राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन रहा है।

## प्रतिबंधित पशुओं का वध करते दो गिरफ्तार

काशीपुर : गौवंश संरक्षण स्क्वॉड और आईटीआई थाना पुलिस ने दो प्रतिबंधित पशुओं का वध कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि तीन आरोपी मौके से फरार हो गए। बुधवार को एक सूचना के आधार पर पुलिस की संयुक्त टीम ने गुलड़िया स्थित ढेला नदी के किनारे दो प्रतिबंधित पशुओं का वध कर रहे शौकीन पुत्र मोबिन निवासी ग्राम पीपलसाना थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद, जाकिर पुत्र अकबर अली निवासी ग्राम गुलड़िया थाना आईटीआई को धर दबोचा। पुलिस ने उनके कब्जे से प्रतिबंधित पशुओं के अंग, खाल और 2.10 कुंतल मांस बरामद किया। पुलिस को देख तीन अन्य आरोपी सद्दाम पुत्र सगीर निवासी फरीदनगर थाना ठाकुरद्वारा, नूरा पुत्र नन्हे निवासी गुलड़िया थाना आईटीआई, हुसैनी निवासी फरीदनगर, ठाकुरद्वारा मौके से फरार हो गये।

# जिलाधिकारी ने ली सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायतों की समीक्षा बैठक



अल्मोड़ा। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की गई शिकायतों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

के दौरान जिलाधिकारी ने सभी लेवल 01 तथा लेवल 02 के अधिकारियों को अपने–अपने स्तर पर शिकायतों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों से संबंधित अनेक शिकायतों को पोर्टल में स्वयं पढ़ा, तथा अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें, कि शिकायतकर्ता से फोन पर जरूर बात करें तथा उसकी समस्या का निदान करने की भी कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने कहा कि समय–समय पर मुख्यमंत्री द्वारा सीएम हैल्प लाइन में दर्ज शिकायतों के सम्बन्ध में हुई कार्यवाही की समीक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी दर्ज शिकायतों को प्रत्येक दिन अपनी लॉगिन आईडी में देखना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर दर्ज शिकायत पर की गई कार्यवाही से अवगत कराया जाय साथ ही लंबित शिकायतों में समयबद्धता को ध्यान में रखते हुए उनका निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।

# चिकित्सकों ने किया सांकेतिक प्रदर्शन



बागेश्वर। चमोली के गोपेश्वर में डॉक्टर के साथ हुई मारपीट के मामले में जिले के चिकित्सकों ने कड़ी आपत्ति जताई है। बुधवार को विरोध में सांकेतिक प्रदर्शन किया। जल्द सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

जिला अस्पताल के चिकित्सक बुधवार को अस्पताल परिसर में एकत्र हुए। यहां नारेबाजी के साथ सांकेतिक प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में प्रांतीय चिकित्सक संघ के अध्यक्ष डॉ. गिरजा शंकर जोशी ने बताया कि गोपेश्वर चमोली में डॉक्टरों के साथ मारपीट की गई। मामले में अभी तक केवल दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो पाई है, जबकि इस घटना में लिप्त कई लोग अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। उन्होंने मामले में शामिल सभी लोगों की गिरफ्तारी की मांग की है।

चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो गुरुवार से जिला अस्पताल की ओपीडी ठप की जाएगी। इस मौके पर सर्जन डॉ. राजीव उपाध्याय, डॉ. रीमा उपाध्याय, डॉ. महिमा सिंह, डॉ. नसीम अहमद, डॉ.डीपी शुक्ला, डॉ. रविंद्र मेर, डॉ. रिचा शर्मा, डॉ. मोनिका पुरी तथा डॉ. कल्पना जोशी आदि मौजूद रहे।

## धरने पर बैठे समाजसेवी को बसपा ने दिया समर्थन

काशीपुर : तीन सूत्रीय मांगों को लेकर पुरानी नगर पालिका चौक में धरने में बैठे समाजसेवी महेंद्र सिंह को बसपा कार्यकर्ताओं ने धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन पत्र दिया। पुरानी नगर पालिका चौक से कार पार्किंग, मोहल्ला गुजरातियान में कुएं से अतिक्रमण हटवाने, श्मशान घाट रोड का पुनर्निर्माण कराने की मांगों को महेंद्र सिंह पिछले तीन दिनों से मेनबाजार में धरने में बैठा हैं। समर्थन देने पहुंचे बसपा नेता पूर्व प्रदेश सचिव निर्मल सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी सामाजिक कार्यकर्ता की मांगों का समर्थन करती है। उन्होंने नगर पालिका और सरकार से उनकी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। इस मौके पर सत्यपाल सागर, डॉ. बीएस गौतम, ओमप्रकाश सिंह, तेज प्रकाश, जाहिद हुसैन, नसीम अहमद आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# बयेड़ी ग्राम समूह पंपिंग पेयजल योजना का विधायक डॉ नैनवाल ने किया शुभारंभ

अल्मोड़ा। बयेड़ी ग्राम समूह पंपिंग पेयजल योजना का शिलान्यास मुख्य अतिथि रानीखेत विधायक डॉ प्रमोद नैनवाल द्वारा किया गया। 17.26 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस पेयजल योजना से चौदह ग्राम पंचायत के 38 गाँवों के सैकड़ों परिवारों को लाभ मिलेगा। इससे पूर्व विधायक डॉ प्रमोद नैनवाल का ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों से भव्य स्वागत किया। भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। भाजपा किसान मोर्चा के दिलीप बोरा ने कहा कि विधायक डॉ प्रमोद नैनवाल ने वर्षों ग्रामीणों की पुरानी मांग को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि विधायक डॉ प्रमोद नैनवाल ने ग्रामीणों से किया अपना वादा निभाया है जिसके लिए क्षेत्र की जनता उनका आभार व्यक्त करती है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप बिष्ट ने कहा कि विधायक डॉ प्रमोद नैनवाल ने ग्रामीणों की अत्यंत आवश्यक मांग पूरी की है जिसके लिए क्षेत्रीय जनता उनका आभार व्यक्त करती है। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विधायक डॉ प्रमोद नैनवाल ने कहा कि जनता की सेवा करना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि रानीखेत विधानसभा का समग्र विकास करना उनका ध्येय है। उन्होंने लोगों को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं का समाधान किया जायेगा। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता जल निगम रानीखेत सुनील जोशी, ताड़ीखेत भाजपा मंडल के अध्यक्ष मुकेश पांडे, रानीखेत नगर अध्यक्ष मनीष चौधरी, सरिता पांडे, कैलाश उप्रेती, उमेश पंत, चंदन सिंह, सुनील मेहरा, पनी राम भगवंत नेगी, प्रकाश चंद्र सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। संचालन मंडल महामंत्री रमेश खनायत ने किया।

## बिनवाल गांव की शिवानी बनेंगी सर्जन

चम्पावत : लधियाघाटी क्षेत्र के बिनवाल गांव की बेटी शिवानी बिनवाल का चयन बरेली एम्स में पीजी सर्जन के लिए हुवा मोहन चंद्र बिनवाल की पुत्री शिवानी का पीजी की पढ़ाई के लिए एम्स रायबरेली में चयन हुआ है। पढ़ाई पूरी होने के बाद उनको महिला सर्जन के पद पर सेवा करने का अवसर मिलेगा। उनकी सफलता पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

# युवक की करंट की चपेट में आने से मौत

काशीपुर : ग्राम हरिपुरा जबरान में खेत में काम कर रहे युवक को वहां लगे बिजली खंभे से करंट लग गया।

गंभीर रूप से झुलसे युवक को आस-पास मौजूद लोग आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। ग्राम हरिपुरा जबरान निवासी बिट्ठू सिंह (28) पुत्र राम सिंह बुधवार को खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान वह खेत में लगे विद्युत पोल के संपर्क में आ गया, जिसमें करंट बह रहा था। करंट लगने से बिट्ठू बुरी तरह झुलस गया। आस-पास मौजूद लोगों ने बिट्ठू सिंह को निजी वाहन से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूर्व दर्जा मंत्री राजेश ने कहा कि मृतक का परिवार अत्यंत गरीब है। मुख्यमंत्री से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी। (एजेंसी)

## खतौनी लेने वाले किसानों को किया जा रहा परेशान

काशीपुर : खतौनी पर 10 से 20 रुपये तक अतिरिक्त शुल्क लेने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम सीमा विश्वकर्मा को दिए ज्ञापन में कहा कि किसानों को कृषि ऋण एवं अन्य जरूरी कार्यों के लिए खतौनी की नकल की आवश्यकता पड़ती है। तहसील कार्यालय में खतौनी की नकल लेने जाने वाले किसानों से 10 से 20 रुपए की अतिरिक्त की वसूली की जा रही है।

## दो माह का शून्यकाल घोषित करने की मांग

काशीपुर : लकड़ी व्यापार मंडल अध्यक्ष ने एमडी वन निगम से दो माह का शून्यकाल घोषित करने की मांग की है। अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने भेजे पत्र में कहा कि कावड़ मेला एवं अत्यधिक वर्षा के कारण विभिन्न निगमों के डिपो में लकड़ी की निकासी बंद है। इसके चलते लकड़ी व्यापारी नीलाम की अपनी लकड़ी उठाने में असमर्थ है। शासन ने कांवड़ मेले चलते सात जुलाई से 17 जुलाई तक भारी वाहनों की आवाजाही बंद कर रखी है। अधिक वर्षा के कारण व्यापारी नीलाम की लकड़ी नहीं उठा पा रहे है।

# बिना सत्यापन किराएदार रखने पर मकान मालिकों पर हुई चालानी कार्यवाही



अल्मोड़ा। जनपद में पुलिस का सत्यापन अभियान वृहद् स्तर पर जारी है। रामचन्द्र राजगुरु, एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा जनपद में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु समस्त थाना प्रभारियों को अपने–अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत वृहद स्तर पर सत्यापन अभियान चलाकर बाहरी व्यक्तियों का शत–प्रतिशत सत्यापन कराने के सख्त निर्देश दिये गये हैं। मंगलवार 11 जुलाई को थानाध्यक्ष चौखुटिया अवनीश कुमार के नेतृत्व में चौखुटिया पुलिस ने थाना क्षेत्र में वृहद सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के दौरान 04 मकान मालिकों द्वारा बिना पुलिस सत्यापन कराए किराएदार रखे पाए जाने पर उनके विरुद्ध पच्चीस हजार रुपये की चालानी कार्यवाही की गई जिसमे 3 मकान मालिकों के विरुद्ध मौके पर पंद्रह हजार रुपये का नकद चालान व एक मकान मालिक के विरुद्ध दस हजार रुपये की कोर्ट चालानी कार्यवाही की गई। अल्मोड़ा पुलिस द्वारा जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को किराएदार सत्यापन के प्रति जागरुक करते हुए, अपने किराएदारों का अनिवार्य रुप से पुलिस सत्यापन कराने, अन्यथा विधिक कार्यवाही की हिदायत दी गई।

# साईबर क्राईम, किराएदार सत्यापन व महिला सुरक्षा सहित विभिन्न विषयों पर दी जानकारी



अल्मोड़ा। थानाध्यक्ष लमगड़ा दिनेश नाथ महंत द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम लमकोट(चौखुटिया) लमगड़ा में जागरुकता चौपाल आयोजित की गई। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में महिला सीएलजी व ग्रामीण जनता को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक कर गांव या आसपास नशे से सम्बन्धित पदार्थ बेचने वालों की सूचना पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। उत्तराखण्ड पुलिस एप के ऑनलाइन सुविधाओं की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त किरायेदारों के सत्यापन के बारे में जागरुक किया व उत्तराखण्ड पुलिस हेल्प लाईन नम्बर डायल 112, साईबर हेल्प लाईन 1930, महिला हेल्प लाईन नम्बर 1090 सहित अन्य महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार की समस्या/शिकायत होने पर तत्काल हेल्पलाईन नंबरों में शिकायत दर्ज करने हेतु जागरुक किया गया। इस दौरान प्रभारी चौकी मोरनौला संजय जोशी भी मौजूद रहे।

## सरकार से स्वास्थ्य कानून बनाने की मांग

चम्पावत : घाट चमोली में इमरजेंसी के दौरान डॉक्टर के साथ हुई मारपीट के विरोध में एसडीएच के डॉक्टरों में आक्रोश है। उन्होंने दोषियों को कड़ी सजा देने के साथ ही सरकार से स्वास्थ्य कानून बनाने की मांग की है। बुधवार को प्रांतीस चिकित्सा सेवा संघ के जिलाध्यक्ष व रेडियोलॉजिस्ट डॉ. एलएम रखोलिया के नेतृत्व में चिकित्सकों ने सीएम प्रतिनिधि दीपक रजवार को ज्ञापन दिया। कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घाट में तैनात चिकित्साधिकारी को ड्यूटी के दौरान गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। जो निंदनीय हैं। पुलिस से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए चिकित्सकों ने सरकार से स्वास्थ्य कर्मियों के लिए कड़ा कानून बनाने की मांग की है।

# भूमि अतिक्रमण निषेध अध्यादेश पर पुनर्विचार करे सरकार: उपपा

अल्मोड़ा। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने सरकार से प्रदेश में अतिक्रमण पर प्रभावशाली अंकुश लगाने के नाम पर 10 साल तक की कठोर सजा और जुर्माने का प्रावधान करने वाले अध्यादेश पर पुनः विचार करने की मांग की है। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पी.सी. तिवारी ने कहा कि बिना सोचे समझे लाया जा रहा यह अध्यादेश प्रदेश में भारी अशांति का कारण बनेगा। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल की बैठक में "उत्तराखंड में भूमि अतिक्रमण निषेध अध्यादेश 2023" लाने का फैसला कर जमीनों, परिसम्पत्तियों पर अतिक्रमण करने वालों पर न्यूनतम सात वर्ष से दस वर्ष तक की सजा व बाजार मूल्य के बराबर जुर्माने का प्रावधान प्रस्तावित है यही सजा अपराध कथित रूप से उकसाने वालों पर भी लगाया जाएगा।परिवर्तन पार्टी ने कहा कि राज्य के प्राकृतिक संसाधनों, जमीनों पर प्रभावशाली लोगों, माफियाओं को सरकार व प्रशासन का सहयोग मिलता रहा है, जिस कारण ऐसे तत्वों पर कार्यवाही नहीं होती, जबकि इस अध्यादेश की मार दलितों, भूमिहीनों, जनजातियों नजूल वन गावों, मलिन बस्तियों में बसे लोगों पर पड़ेगी। परिवर्तन पार्टी ने कहा कि सरकार को इस मामले में तत्काल स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उपपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की त्रिवेंद्र सरकार ने 2018 में कृषि भूमि के असीमित खरीद के कानून को पास कर बाहरी पूंजीपतियों के जमीन कब्जाने का रास्ता भी तैयार किया और धामी सरकार ने सरकार और प्रशासन द्वारा दी गई

# 53 उप निरीक्षक बनें एसएसबी का अभिन्न अंग

श्रीनगर गढ़वाल : केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र (सीटीसी) सशस्त्र सीमा बल श्रीनगर गढ़वाल में 22वें उपनिरीक्षक (सीधी भर्ती) का दीक्षांत समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस मौके पर देश के विभिन्न प्रांतों से चयनित उप निरीक्षक ने 48 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण के बाद विधिवत एसएसबी का हिस्सा बने। परेड के दौरान नव प्रशिक्षुओं को राष्ट्र रक्षा के लिए राष्ट्रीय ध्वज व निशान के समक्ष संविधान को साक्षी मानकर पद और गोपनियता की शपथ दिलाई गई।

केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र के परेड मैदान में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भा.पु.से. महानिरीक्षक (प्रावधान व संचार) सशस्त्र सीमा बल, बल मुख्यालय नई दिल्ली गणेश कुमार ने सर्वप्रथम शहीद स्मृति स्थल पर एसएसबी के शहीद हुए जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह बल भारत-नेपाल और भारत-भूटान के मध्य अंतर्राष्ट्रीय सरहदों का दायित्व संभाले हुए है। ऐसी संवेदनशील और खुली सीमाओं की पूर्ण रक्षा एक जटिल कार्य है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को सेवा, सुरक्षा और बंधुत्व के मूल मंत्र के तहत सीमाओं की सुरक्षा और प्रबंधन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित किया। केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र श्रीनगर के उप महानिरीक्षक परीक्षित बेहेरा ने कहा कि 48 सप्ताह के प्रशिक्षण की अवधि में 53 प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को शारीरिक व मानसिक तौर पर मजबूत करने के साथ ही इनकी सोच में सकारात्मकता की तरंगें प्रवाहित करने का संपूर्ण प्रयास किया गया है। कहा कि निर्भिकता का भाव संचार करने के उद्देश्य से पर्वतारोहण, तैराकी, घुड़सवारी आदि साहसिक गतिविधियों का अवसर इन्हें प्रदान किया गया है। इस मौके पर सीटीसी के कमांडेंट येतन नेगी, द्वितीय कमान अधिकारी धीरज पठानिया आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## अधिकारी तीन शिफ्टों में करेगें डयूटी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : लगातार हो रही बारिश को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र में तीन शिफ्टों में ड्यूटी लगा दी है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में लगातार हो रही बारिश से भूस्खलन होने से जगह-जगह मोटरमार्ग बंद हो रहे हैं। कहा कि लगातार हो रही बारिश से जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में घटित होने वाली दैवीय आपदा की घटनाओं को देखते हुए ड्यूटी पर लगाए गए अधिकारी राहत व बचाव कार्यों में तुरंत एक्शन लेने व आपातकालीन परिचालन केंद्र में मिलने वाले सूचनाओं के संबंध में जरूरी कदम उठाएंगे।

## चिकित्सकों ने ओपीडी बहिष्कार की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : चमोली के घाट में युवा चिकित्सक के साथ मारपीट के मामले पर प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ ने बुधवार को काली पट्टी बांधकर काम किया। इस दौरान संघ ने चेतावनी दी कि गुरुवार तक हमलावरों को गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो पूरे प्रदेश के चिकित्सक अपने-अपने चिकित्सालयों में विरोध प्रदर्शन करने के साथ ही ओपीडी का बहिष्कार करेंगे। बुधवार को सीएमओ कार्यालय में काली पट्टी बांधकर काम करते हुए संघ के महासचिव डा. रमेश कुंवर ने कहा कि चमोली के घाट में युवा चिकित्सक के साथ मारपीट के बाद सभी चिकित्सकों में आक्रोश व्याप्त है। कहा कि गुरुवार तक हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं होने पर ओपीडी का बहिष्कार करेगे। इस मौके पर डा. पंकज जुयाल आदि मौजूद रहे।

# छात्रसंघ पदाधिकारियों ने की तालाबंदी, प्रशासनिक भवन में खुद को किया कैद

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीजीआर परिसर पौड़ी में छात्र संघ पदाधिकारियों ने बुधवार को विभिन्न मांगों को लेकर परिसर के प्रशासिनक भवन के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर धरने पर बैठ गए। इस दौरान छात्र नेताओं ने प्रशासनिक भवन में खुद को कैद कर लिया। कहा कि जल्द ही उचित निर्णय नहीं लिए जाने पर वह आत्मघाती कदम भी उठाने को तैयार रहेंगे। बुधवार को पौड़ी परिसर के प्रशासनिक भवन में तालाबंदी करते हुए छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित नौटियाल आदि ने कहा कि परिसर की रोड पिछले काफी समय से बदहाल पड़ी हुई है। साथ ही परिसर के भीतर स्ट्रीट लाइट, शौचालय निर्माण व मरम्मत, पेयजल आदि की समस्याएं बनी हुई है। कई बार परिसर निदेशक से लेकर कुलपति को अवगत कराने के बाद भी समस्या का हल नहीं निकाला जा रहा है। जिससे परिसर में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छात्र संघ पदाधिकारी निर्माण कार्य देखने वाले अफसर को श्रीनगर विश्वविद्यालय से पौड़ी परिसर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। वहीं, इधर, परिसर के निदेशक डा. प्रभाकर बडोनी ने कहा कि परिसर की रोड का डामरीकरण को लेकर टेंडर कर दिए गए है। बरसात के चलते इन दिनों डामरीकरण नहीं हो पा रहा है। छात्रों की हर समस्या हल करने के लिए प्रयास किए जा रहे है। धरना प्रदर्शन करने वालों में कोषाध्यक्ष दिवाकर सिंह, सचिव मुकुल, यूआर अमन कुमार, कनिष्क पोखरियाल आदि शामिल रहे।

## विलम्ब शुल्क के साथ आज भरें परीक्षा आवेदन फार्म

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर (सत्र 2022-23) के सम-सेमेस्टरों की मुख्य एवं बैक परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि बढ़ा दी है। इस संदर्भ में गढ़वाल विवि परीक्षा नियत्रंक डा. एचएम आजाद ने नोटिफिकेशन जारी कर कहा कि गढ़वाल विवि के स्नातक एवं स्नातकोत्तर (सत्र 2022-23) (बीएड एवं एमएड पाठ्यक्रम को छोड़कर) मुख्य एवं बैक परीक्षा आवदेन पत्र विलम्ब शुल्क 1000 रूपए के साथ 12 जुलाई से 13 जुलाई तक भरे जा सकेंगे।

## हड़ताल से तहसीलों में ठप रहा दाखिल खरिज का काम

देहरादून। उत्तराखंड रजिस्ट्रार कानूनगो संघ देहरादून शाखा का मांगों को लेकर चल रहा कार्यबहिष्कार बुधवार को भी जारी रहा। जिसके चलते जिले की तहसीलों में दाखिल खारिज का काम नहीं हो पाया। जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि दो जुलाई को हुई बैठक में तीन जुलाई से कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया गया था। सहमंत्री गंगा प्रसाद उनियाल ने बताया कि कंप्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध करवाने की मांग पूरी नहीं होने के चलते कार्यबहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया है।

# घनसाली में मांगों को लेकर गुरिल्लों ने किया प्रदर्शन

टिहरी : गुरिल्ला संगठन की जनजागरण रथयात्रा बुधवार को घनसाली पहुंची, प्रथम केदार बेलेश्वर महादेव चमियाला मंदिर में पूजा अर्चना के बाद यात्रा का शुभारंभ किया गया। जिसके गुरिल्लाओं की ओर से गैस गोदाम घनसाली में सभा का आयोजन किया गया।बुधवार को घनसाली में गुरिल्ला संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष ब्रह्मानन्द डालाकोटी ने कहा कि 17 वर्षों के आंदोलन और करीब पांच हजार दिनों तक धरने के बाद भी केन्द्र और राज्य सरकार की नींद नहीं टूटी, जिसके बाद थक हारकर गुरिल्लाओं ने जनजागरण यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने राज्य सरकार से गुरिल्लों के संबंध में जारी शासनादेशों पर जल्द निर्णय लेने और केन्द्र सरकार से सत्यापन से वंचित गुरिल्लों का जल्द सत्यापन करने की मांग की है। कहा कि जनजागरण यात्रा के माध्यम से गुरिल्ला सरकार को जगाने का काम करेंगे। बताया 13 जुलाई को गुरिल्ला जिला मुख्यालय नई टिहरी में प्रदर्शन करेंगे। 15 जुलाई को उत्तरकाशी के बड़कोट, 16 को पुरोला,17 को मोरी और 18 को त्यूणी में बड़ी सभाओं का आयोजन होगा। संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश गैरोला ने गुरिल्लों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। उन्होंने गुरिल्लों से गुरुवार को जिला मुख्यालय नई टिहरी पर पहुंचने की अपील की। गुरिल्लाओं ने सीएम धामी, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को एसडीएम घनसाली के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया। इस मौके पर जगदीश सेमवाल, अरविंद रावत, महावीर रावत, राजेन्द्र डोभाल, सूरज सिंह, प्रेम सिंह, मंत्री प्रसाद जोशी, सुबोधा देवी, रूक्मणी देवी, रामप्यारी, सबली देवी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

## अभाविप ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया

श्रीनगर गढ़वाल : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद श्रीनगर इकाई ने रेनबो पब्लिक स्कूल में एबीवीपी के 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट सम्मान समारोह अयोजित किया। जिसमें कक्षा 8वीं से कक्षा 12वी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि महिला उपनिरीक्षक रीना नेगी ने बच्चों को नशे से दूर रहने, स्वच्छता, साइबर क्राइम, सेल्फ डिफेंस आदि को लेकर जागरूक किया। कहा जल्द ही परिषद के साथ मिलकर पुलिस छात्राओं को सेल्फ डिफेंस के कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस मौके पर एबीवीपी के प्रदेश मंत्री ऋतांशु कंडारी ने एबीवीपी के 75 वर्ष के इतिहास विकास को छात्रों के बीच रखा। उन्होंने छात्रों को राष्ट्र के विकास में अपना योगदान सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला संयोजक अमन पंत, विभाग संगठन मंत्री शाश्वत खंडूड़ी, खुशी, दीपक, दीपांशु, महीपाल, आरती, तुषार, जसवंत राणा आदि मौजूद (एजेंसी)

# सीएम घोषणा की योजनाओं को प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण करें : डीएम



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को वीसी के माध्यम मुख्यमंत्री घोषणाओं की विभागवार प्रगति समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सीएम घोषणा के तहत संचालित कार्यों को प्राथमिकता पर रखते हुए शीघ्र पूर्ण किया जाए। इस दौरान अर्थ एवं संख्या अधिकारी विनय जोशी ने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, संस्कृति, पर्यटन, राजस्व, जिला पंचायत, युवा कल्याण, ग्रामीण निर्माण आदि विभागों के अन्तर्गत 182 घोषणाओं में से 81 कार्य पूर्ण कर लिए गए है और 101 कार्य विभिन्न स्तरों पर प्रक्रिया में है।

डीएम ने कहा कि कार्यदायी संस्थाओं का चयन, भूमि हस्तांतरण, टेंडर प्रक्रिया एवं अन्य विभागीय स्तर के मामलों का त्वरित निस्तारण करें। शासन स्तर पर लंबित प्रस्तावों का प्रभावी अनुश्रवण के लिए उच्चाधिकारियों एवं शासन के विभागीय अधिकारियों से निरंतर संपर्क करें। संचालित योजनाओं को तेजी से पूर्ण करते हुए शीघ्र इसका कंप्लीशन सर्टिफिकेट उपलब्ध करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, संस्कृति, पर्यटन, राजस्व, जिला पंचायत, युवा कल्याण, ग्रामीण निर्माण एवं अन्य विभागों के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घोषणाओं अद्यतन जानकारी ली। बैठक में डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र सहित वर्चुअल माध्यम से सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## अदालती सूचना

**न्यायालय सीनियर सिविल जज महोदय, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल**

उ0प्र0प0 वाद संख्या 14 / 2023

उर्मिला देवी पत्नी स्व0 भारत सिंह असवाल निवासी ग्राम काशीरामपुर सुखरौ, तहसील-कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल

**बनाम**

**आम जनता**

राकेश असवाल पुत्र स्व0 भारत सिंह असवाल

नगर निगम कोटद्वार द्वारा पार्षद वार्ड नंबर-9, पार्षद पदमेन्द्र सिंह रावत।

विरूद्ध

पक्ष/ रेस्पोडेन्ट्स

हरगाह प्रार्थी/वादी उर्मिला देवी द्वारा आप प्रतिवादीगण के विरूद्ध एक उत्तराधिकार प्रमाण पत्र पोस्ट आफिस शाखा- दुगडडा, पौड़ी गढ़वाल करने हेतु दीवानी वाद मेरे न्यायालय में योजित किया गया है आप प्रतिवादीगण व जिस किसी भी आम व खास को कोई उक्त वाद में आपत्ति व जवाब दाखिल करना हो तो वह नियत दिनांक -27/7/2023 को प्रातः 10:00 बजे मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर जवाबदेही करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज दिनांक -11/7/23 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**सिविल जज (जू0डि0)**
**कोटद्वार गढ़वाल**

# डीएम ने बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

टिहरी : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में शिक्षक स्व गोपालदत्त बलोदी की स्मृति में आयोजित शिक्षा प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में डीएम मयूर दीक्षित ने उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा 2022-23 में टिहरी जनपद के हाइस्कूल एवं इण्टरमीडिएट में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डीएम ने डायट में रूद्राक्ष के पौध का रोपण करते हुए स्व. बलोदी की पत्नी बसंती देवी को वट वृक्ष का पौध भेंट किया।डीएम ने सभी मेधावी छात्रों में एसवीएम इंटर कालेज उनियाल सारी चंबा की आर्ची, जीआईजी बाल गंगा केमर के प्राची, एसवीएसबीएम श्रीकोट के आशुतोष, आयुष राणा, सुमित पंवार, शुभांषी थपलियाल, अल्पना, आंचल सेमल्टी, सृष्ट रमोला, शिवानी, प्रीती आदि को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी। कहा कि ऐसे आयोजन में प्रतिभाग कर कार्य करने के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार होता है और बेहत्तर भविष्य देकर जाने का उत्साह पैदा होता है। डीईओ बेसिक वीके ढौंडियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा 2022-23 में जनपद में कक्षा 10वीं के 31 छात्र-छात्राओं तथा 12वीं के 3 छात्र-छात्रओं ने इस मौके पर डायट प्राचार्य आरपी डंडरियाल, कार्यक्रम संयोजिका प्रभा रतूड़ी, अध्यक्ष जिला बाल कल्याण समिति रमेश चन्द्र रतूड़ी, कार्यक्रम संचालक राजेन्द्र बहुगुणा, सामाजिक कार्यकर्ता सुशील बहुगुणा, विजेंद्र बलोदी, सुमति रयाल, मनोहर चमोली, मुन्नी उनियाल, देवेश्वरी देवी, अनीता बलोदी, बबीता बलोदी, आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## बीज बम व जल अभियान हो स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने देहरादून में बीज बम अभियान सप्ताह का शुभारंभ किया।

इस मौके पर बीज बम अभियान के सदस्य व पर्वतीय विकास शोध केंद्र के नोडल अधिकारी डा. अरविंद दरमोड़ा ने बीज बम अभियान व कल के लिए जल अभियान को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल कराए जाने की मांग शिक्षा मंत्री से की। डा. दरमोड़ा ने बताया कि बीज बम अभियान सप्ताह के शुभारंभ पर डा. धन सिंह रावत ने इस अभियान से शिक्षा विभाग के जुड़ने की बात कही।

# कर्मचारियों ने की पुरानी पेंशन बहाली की मांग

रूद्रप्रयाग : बुधवार को राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा उत्तराखंड द्वारा पुरानी पेंशन बहाली के नाम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

इसमें पदाधिकारियों ने पौधारोपण किया।मुख्यालय में हुए कार्यक्रम में सभी ने पौधारोपण कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। प्रांतीय कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह सिंधवाल, गढ़वाल मंडल उपाध्यक्ष महिला रश्मि गौड़ एवं गढ़वाल मंडल महासचिव नरेश कुमार भट्ट ने कहा कि सरकार पुरानी पेंशन बहाली की मांग को अनदेखा अनसुना नहीं कर सकती है। उत्तराखंड में बीते 4 वर्षों से यह संघर्ष निरंतर चल रहा है कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाली के नाम पर सरकारें बन चुकी हैं, बावजूद भी यदि उत्तराखंड इस पर विचार नहीं किया जाता है तो निश्चित रूप से यहां भी सत्ता परिवर्तन करने के लिए कार्यक्रम किए जाएंगें। कहा कि उत्तराखंड के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं अधिकारी वर्ग हर अवसर पर अपनी सेवा को देते रहे है और इस वृक्षरोपण जैसे महान कार्य को करके भी सरकार को पुरानी पेंशन की मांग को लेकर चेता रहे हैं। जनपद रुद्रप्रयाग के जिला संरक्षक शंकर भट्ट जिलाध्यक्ष अंकित रौथाण, अंकुश नौटियाल, अंकित रावत, नीलम बिष्ट, शशि बिष्ट, अतुल शाह, उमेश गार्ग्य, संदीप रावत, दुर्गा प्रसाद भट्ट, देवेश देवशाली, प्रवीण घिल्डियाल, कमल सिंह, अजय भट्ट, गिरिजेश सेमवाल आदि सभी ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए सभी लोगों का आह्वान किया। शिक्षक संघ से विक्रम झिंक्वाण, आलोक रौथाण, दिनेश भट्ट, शीशपाल पंवार ने नोप्रुफ के संघर्ष की सराहना की। ललिता रौतेला, कुसुम भट्ट, दीपक नेगी, विमला राणा, सूर्या गोस्वामी, मुकेश कुमार, पुष्पेंद्र राणा, स्वरूप सिंह आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाया। (एजेंसी)

## धूमधाम से मनाया जाएगा शौर्य दिवस

टिहरी : शौर्य दिवस मनाने को डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि शौर्य दिवस को पूरे सम्मान व श्रद्धा के साथ मनाया जायेगा। सम्बंधित अधिकारियों के शौर्य दिवस के लिए पूरी तैयारियों करने के निर्देश दिए। जिला सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को शौर्य दिवस के अवसर पर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित करने, प्रभातफेरी निकालने व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा का कार्यक्रम प्रस्तुत करने को कहा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल योगेंद्र सिंह ने बताया कि शासनादेशानुसार गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जनपद में आगामी 26 जुलाई को कारगिल दिवस को शौर्य दिवस के रूप में पूर्ण श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया जायेगा।

## सोशल मीडिया पर स्कूलों की छुट्टी का फर्जी आदेश वायरल

देहरादून। 12 जुलाई को सोशल मीडिया पर जिलों में स्कूलों की छुट्टी का फर्जी आदेश वायरल कर दिया गया। आदेश डीएम के पास पहुंचा तो उन्होंने आदेश को गलत बताया। पुलिस को निर्देश दिया कि ऐसा करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## ग्रामीणों ने बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग

टिहरी : मगरों क्षेत्र के ग्राम पंचायत स्यालकुंड और पाली के लोगों ने उत्पाती बंदरों को वन विभाग से पकड़ने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में डीएफओ को ज्ञापन भेजकर जल्द बंदरों के आंतक से निजात दिलाने की मांग की है।

बुधवार को भिलंगना ब्लॉक के ग्राम पंचायत स्यालकुंड, पाली गांव तथा मगरों व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने वन विभाग से उत्पाती बंदरों को पकड़ने की मांग की है। ग्राम प्रधान पाली गीता देवी ने कहा कि क्षेत्र के लोग बंदरों के आंतक से परेशान है, बंदरों द्वारा कई बार बच्चों और बुजुर्गों पर हमला किया गया है, जिससे ग्रामीणों और व्यापारियों में दहशत बनी है। कहा बंदर ग्रामीणों फसलों के साथ मगरों कस्बे के दुकानों से सामान उठाकर ले जाते हैं, भगाने पर कटाने के लिये दौड़ आते हैं। उन्होंने बताया बंदरों को पकड़ने की मांग को लेकर वह पूर्व में भी क्षेत्रीय वनाधिकारी को लिखित और मौखिक रुप से अवगत करवा चुके हैं, लेकिन विभाग की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिससे ग्रामीणों और व्यापारियों में विभाग के प्रति रोष बना है।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**ई–निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमन्त्रित **ई–निविदा सं0 06/EDDK/23–24 व ई–निविदा सं0 07/EDDK/23–24** के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 25.07.2023 को 16.00 बजे तक बढ़ायी जाती है तथा ई–निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि 26.07.2023 को 11.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी एवं ई–निविदा प्रपत्र आनलाइन और ऑफलाइन निविदा भाग एक खुलने की तिथि 26.07.2023 एवं समय 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्ते पूर्ववत है।

पत्रांक : 1813/विविखको/टी–6 दिनांक : 12.07.2023

**अधिशासी अभियन्ता,**
**वि0वि0 खण्ड, कोटद्वार**

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)


# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया उत्तराखण्ड विधानसभा के नवनिर्मित पुस्तकालय एवं नवीन वेबसाइट का लोकार्पण

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को विधानसभा में उत्तराखण्ड विधानसभा के नवनिर्मित पुस्तकालय एवं नवीन वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे। नवनिर्मित पुस्तकालय में लगभग 20 हजार से ऊपर पुस्तकों का समावेश किया गया है। इस विशिष्ट पुस्तकालय में संविधान एवं कानून, लोक प्रशासन और सामान्य ज्ञान सहित विभिन्न विषयों से संबंधित महत्वपूर्ण पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ–साथ देश–विदेश के प्रमुख लेखकों की पुस्तकों का भी समावेश किया गया है जो ई–लाइब्रेरी के रूप में डिजिटल और प्रिंट दोनों रूपों में उपलब्ध रहेगी। राज्यपाल ने अपनी ओर से विधानसभा पुस्तकालय हेतु 108 पुस्तकें देने की घोषणा की। पुस्तकालय एवं वेबसाइट के लोकार्पण के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर में माँ सरस्वती के मंदिर की स्थापना किया जाना अपने आप में अलग है। उन्होंने कहा कि पुस्तकों में माँ सरस्वती का वास होता है। पुस्तकालय एक प्रकार से ज्ञान के मंदिर ही हैं और यह ज्ञान का मंदिर हमारी सोच, विचार और धारणा को निरंतर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। हमें हर एक जिज्ञासा और हर एक प्रश्न का उत्तर पुस्तकों से प्राप्त होता है। राज्यपाल ने पुस्तकालय की स्थापना के लिए विधानसभा अध्यक्ष को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड विधानसभा के विधायकगणों को जहां एक ओर संसदीय कार्यों में सहायता मिलेगी वहीं दूसरी ओर पुस्तकालय में उपलब्ध विशिष्ट पुस्तकों के अध्ययन से उन्हें सामाजिक कार्यों में भी लाभ होगा।

राज्यपाल ने कहा कि इसके साथ–साथ टेक्नोलॉजी को अपनाते हुए नवीन वेबसाइट को अपडेट और आधुनिक बनाया है। तकनीकी का विकास बहुत बड़े स्तर पर प्रारंभ हो गया है, हमें आधुनिक तकनीक को मानवता की सेवा, देश की प्रगति और लोगों की भलाई के लिए हर क्षेत्र में लागू करना होगा। वर्तमान समय में टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजीटाइजेशन, सोशल मीडिया और मास मीडिया के साथ जुड़ना बहुत जरूरी है। आधुनिक भारत, विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के सपनों को पूरा करने के लिए नवीन तकनीकों का अपनाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विधानसभा में नवनिर्मित पुस्तकालय के लोकार्पण एवं नवीन वेबसाइट लांच होने से यहां पर संसदीय परंपराओं के ज्ञान एवं अन्य महत्वपूर्ण आवश्यक जानकारियों के लिए विधानसभा में लोगों को एक ऐसा स्थान मिल गया है, जहां पर ज्ञान वर्द्धन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में इस पुस्तकालय के माध्यम से सभी निर्वाचित सदस्य अपनी संसदीय समस्याओं के समाधान के साथ ही संसदीय परंपराओं एवं सदन के भीतर होने वाली कार्यवाहियों की बारीक से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। विधानसभा में पुस्तकालय की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण का आभार व्यक्त किया। संसदीय परंपराओं एवं ज्ञान पर आधारित पुस्तकों का समावेश इस पुस्तकालय में किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुस्तकों के माध्यम से नियमित तरीके से अध्ययन करने की आदत सभी की होनी चाहिए। पुस्तकें हमारे दिमाग के लिए खुराक का कार्य भी करती हैं। उलझनों को सुलझाने में भी पुस्तकें अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों से कार्यसूची के अनुसार सदन की कार्यवाही की जानकारियां एवं पुराने अभिलेखों से अनेक लोगों का मार्गदर्शन होगा।


**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी.एस.टी. व ई.पी.एफ. में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 03.08.2023 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय से दिनांक 02.08.2023 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 06/ 2023-24 | ₹100/- | वि.वि. उपखण्ड द्वितीय कोटद्वार के अन्तर्गत ग्राम आमसौर में सोलर प्लांट हेतु लाइन बनाने का कार्य। | 5000.00 |
| 07/ 2023-24 | ₹250/- | वि.वि. उपखण्ड प्रथम कोटद्वार के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त परिवर्तक बदलने का कार्य। | 8000.00 |
| 08/ 2023-24 | ₹500/- | वि.वि. उपखण्ड द्वितीय कोटद्वार के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त परिवर्तक बदलने का कार्य। | 21500.00 |
| 09/ 2023-24 | ₹500/- | वि.वि. उपखण्ड द्वितीय कोटद्वार के अन्तर्गत लाइन निर्माण एवं परिवर्तको की क्षमतावृद्धि का कार्य। | 30000.00 |

पत्रांक: 1811/विविखको/टी–6 दिनांक: 12.07.2023 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या–0135–2760911 पर दें।)

सम्पादकीय

# लंबी यात्रा ही रास्ता

राहुल गांधी इस समझ के साथ भारत जोड़ो यात्रा पर निकले थे कि वर्तमान माहौल में सामान्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत विपक्ष की राजनीति करना संभव नहीं रह गया है। अब कहा जा सकता है कि उनकी समझ सही दिशा में है और सचमुच लंबी यात्रा का ही विकल्प बचा है। मानहानि मामले में हुई सजा पर स्टे के लिए दी गई राहुल गांधी की याचिका को खारिज करते हुए गुजरात हाई कोर्ट ने जो टिप्पणियां कीं, उनसे एक निष्कर्ष यह निकलता है कि सिर्फ संबंधित मामले के गुण–दोष के आधार पर निर्णय नहीं लिया गया है। आधुनिक न्याय का सिद्धांत यह है कि किसी व्यक्ति पर लगे अभियोग के बारे में निर्णय लेते वक्त अदालत उसकी पृष्ठभूमि और उसके या संबंधित मामले से इतर के आचरण को आधार नहीं बना सकती। निर्णय सिर्फ उन साक्ष्यों के आधार पर होता है, जिनका संबंध उस अभियोग से हो। फिलहाल हाई कोर्ट के सामने प्रश्न मानहानि में साक्ष्य और उनके गुण–दोष का नहीं था। सवाल सिर्फ यह था कि दोष–सिद्धि तक राहुल गांधी को हुई सजा पर अमल रोका जाए या नहीं। ऐसी राहत मिलना न्याय की आम प्रक्रिया है। बहरहाल, गुजरात हाई कोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका खारिज करते हुए अपने को सिर्फ मोदी उपनाम वाले सभी लोगों के अपमान के आरोप तक सीमित नहीं रखा। बल्कि यह भी कहा– उनके खिलाफ कम–से–कम 10 आपराधिक मामले लंबित हैं। ऐसा एक मामला वीर सावरकर के पौत्र ने पुणे में एक अदालत में दायर किया हुआ है, क्योंकि मुल्जिम ने सावरकार के खिलाफ मानहानि भरे शब्दों का इस्तेमाल किया था। पहली बात, अभी तक उस मामले में राहुल गांधी का दोष साबित नहीं हुआ है। फिर उस मामले का मोदी उपनाम के मामले से कोई संबंध नहीं है। तो साफ है कि आरोप विशेष से इतर की पृष्ठभूमि से न्यायालय का रुख तय हुआ। इसका संकेत यह है कि न्याय प्रक्रिया को ही आज सजा में तब्दील कर दिया गया है। इससे राहुल गांधी की इस समझ की पुष्टि होती है कि वर्तमान माहौल में सामान्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत विपक्ष की राजनीति करना संभव नहीं रह गया है। अपनी इसी समझ के आधार पर राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर निकले थे। अब चूंकि उनकी समझ की फिर पुष्टि हुई है, तो कहा जा सकता है कि सारे विपक्ष और सिविल सोसायटी के पास भी लंबी यात्रा का ही विकल्प बचा है।

# आपदा से सबक नहीं लेती हैं सरकारें



**उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में इतनी पनबिजली की परियोजनाएं लगी हैं, दवा की इतनी फैक्टरियां बनी हैं और पर्यटकों के लिए इतने रिसॉर्ट व होटल बने हैं कि समूचा पहाड़ खोखला हो गया है। जरा सी बारिश या बादल फटने की घटना होते ही पहाड़ दरकने लगते हैं। यह सिर्फ दो राज्यों की परिघटना नहीं है। हर पहाड़ी राज्य में विकास के नाम पर अंधाधुंध जंगल और पहाड़ काटे जा रहे हैं, जिसका खामियाजा हर साल आम लोगों को भुगतना पड़ता है।**

**जहां तक महानगरों और बड़े शहरों की बात है तो वहां दो कारणों से हर साल बारिश में बाढ़ के हालात बनते हैं और मॉनसून की बारिश लोगों के लिए आफत लेकर आती है। सबसे पहला कारण तो यह है कि महानगरों और शहरों को बेतरतीब तरीके से बढने दिया गया है। अंधाधुंध शहरीकरण हुआ है और चारों तरफ कंक्रीट के जंगल उग आए हैं। अवैध निर्माण बड़ी संख्या में हुआ है, जिससे इमारतें कमजोर हुई हैं और बारिश में उनके गिरने का खतरा बढ़ गया है। दूसरा कारण यह है कि किसी भी महानगर या बड़े–छोटे शहर में पानी के निकासी की अच्छी व्यवस्था नहीं हुई है। हर शहर पर आबादी का बोझ बढ़ा है और ड्रेनेज या सीवेज का सिस्टम वहीं पुराना है। शहरों के बीच या बगल से बहने वाली नदियां गाद से भरी हुई हैं। उनका तल उंचा हो गया है, जिससे जरा सी बारिश होते ही नदियां उफनने लगती हैं।**

**अजीत द्विवेदी**

देश में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से तबाही मची है। उत्तर भारत के सात राज्यों में 48 घंटे के भीतर 56 लोगों की मौत हो गई। सैकड़ों घर टूटे हैं, गाडियां नदियों में बह गई हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब की नदियां उफान पर हैं और राजधानी दिल्ली में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। दिल्ली में बारिश का 41 साल का रिकॉर्ड टूटा है तो हिमाचल प्रदेश में 52 साल का रिकॉर्ड टूटा है। देश में मॉनसून के पूरे सीजन में जितनी बारिश होनी चाहिए उससे अधिक बारिश अभी तक हो चुकी। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कई जगह बादल फटे हैं और भूस्खलन की घटना हुई है। देश के पहाड़ी और ग्रामीण इलाकों के साथ साथ राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के शहरों– गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद आदि में भी त्राहिमाम की स्थिति है। मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में बारिश की वजह से इतना पानी जमा हो गया कि स्कूल बंद करने पड़े और लोगों से घर से ही काम करने को कहना पड़ा। भारत के सिलिकॉन वैली यानी बेंगलुरू में भारी बारिश से लोगों का जन–जीवन अस्त–व्यस्त हुआ।

सवाल है कि ऐसा क्यों हो रहा है? जिससे भी यह सवाल पूछा जाता है उसका जवाब होता है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से इंसान मौसम का यह अतिरेक झेलने को अभिशप्त है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि जलवायु परिवर्तन ने मौसम का पूरा चक्र बदल दिया है। अत्यधिक बारिश, अत्यधिक सर्दी और अत्यधिक गरमी अब सामान्य बात हो गई है। जलवायु परिवर्तन की घटना इतनी तेजी से हो रही है कि वैज्ञानिकों के सारे

वाली आपदा से कोई सबक नहीं सीखती हैं।

पिछले कोई दो दशक में शायद ही कोई साल होगा, जब मॉनसून के सीजन में देश के किसी न किसी हिस्से में कोई बड़ी प्राकृतिक आपदा नहीं आई होगी। 26 जुलाई 2005 का मुंबई का जल प्रलय पिछले दो दशक की सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदाओं में से एक है। दो दिन में भयंकर बारिश से देश की पूरी वित्तीय

बाढ़ में बह गए, जिनके शव का पता नहीं चला। मुंबई, कोशी और केदारनाथ ये तीन पिछले दो दशक की प्रतीक घटनाएं हैं, जिनकी स्मृतियां अब भी जीवित हैं। इसके अलावा हर साल देश के किसी न किसी हिस्से में मॉनसून के समय अत्यधिक बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की बड़ी घटनाएं होती हैं लेकिन ऐसा लगता है कि उसे मौसमी बीमारी की तरह की एक बीमारी मान कर जल्दी ही भुला

वाले क्षेत्र में भी अंधाधुंध निर्माण होता है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में इतनी पनबिजली की परियोजनाएं लगी हैं, दवा की इतनी फैक्टरियां बनी हैं और पर्यटकों के लिए इतने रिसॉर्ट व होटल बने हैं कि समूचा पहाड़ खोखला हो गया है। जरा सी बारिश या बादल फटने की घटना होते ही पहाड़ दरकने लगते हैं। यह सिर्फ दो राज्यों की परिघटना नहीं है। हर पहाड़ी राज्य में

पानी के निकासी की अच्छी व्यवस्था नहीं हुई है। हर शहर पर आबादी का बोझ बढ़ा है और ड्रेनेज या सीवेज का सिस्टम वहीं पुराना है। शहरों के बीच या बगल से बहने वाली नदियां गाद से भरी हुई हैं। उनका तल ऊंचा हो गया है, जिससे जरा सी बारिश होते ही नदियां उफनने लगती हैं।

राजधानी दिल्ली के बीचों बीच बहने वाली यमुना की सफाई पर बरसों से काम हो रहा है, लेकिन

मैदानी राज्यों तक और महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक हर साल मॉनसून के सीजन में कोई न कोई प्राकृतिक आपदा आ रही है। इसे प्रकृति की चेतावनी समझना चाहिए और किसी बड़े खतरे से निपटने की तैयारी करनी चाहिए।

लेकिन दुर्भाग्य से सरकारें और आपदा प्रबंधन करने वाली एजेंसियां हर काम तात्कालिकता में करती हैं। वे लंबे समय की योजना नहीं बनाती हैं। यही कारण है कि बारिश होते ही जन–जीवन ठप्प हो जाता है। सडक़ परिवहन से लेकर ट्रेन और विमानन सेवाएं स्थगित हो जाती हैं। कहीं लोग बाढ़ में बह जाते हैं, कहीं उनके घर गिर जाते हैं, कहीं जल–जमाव में गाड़ी फंस जाती हैं, कहीं करंट लगने से लोग मरते हैं तो कहीं बिजली गिरने से लोगों की मौत होती है।

यह सही है कि प्राकृतिक आपदा को रोका नहीं जा सकता है लेकिन आपदा से सबक लेकर उससे होने वाले नुकसान को न्यूनतम करने के उपाय जरूर किए जा सकते हैं।

# बारिश में भीग भी जाएं तो भी खराब नहीं होगा मेकअप, जानिए मानसून के स्मार्ट मेकअप टिप्स

मानसून का मौसम आते ही महिलाओं को सबसे बड़ी चिंता होती है मेकअप की. खासकर अगर आप कॉलेड गोइंग है, वर्किंग वुमेन हैं या फिर किसी खास पार्टी फंक्शन के लिए तैयार होने वाली हैं तो मेकअप करने से पहले आपका बारिश के मिजाज़ को समझना पड़ता है. लेकिन अब हम आपको ऐसे स्मार्ट मेकअप टिप्स देने जा रहे हैं जो बारिश में भीग जाने पर भी खराब नहीं होगा. यानि आप अगर बारिश में नहा भी लें तो भी ये मेकअप फैलेगा नहीं. तो आइए जानते हैं मानसून में मेकअप करने के ये स्मार्ट टिप्स जो आपको और भी सुंदर बना देंगे

मानसून के मौसम में मेकअप करने से पहले अपने चेहरे पर मैटिफाइंग प्राइमर लगाएं ऐसा करेंगी तो आपका मेकअप बारिश के दिनों में ज्यादा देर तक स्टे करेगा.

– फाउंडेशन लगाने से बचना नहीं है. कुछ लोग बारिशों में फाउंडेशन ना लगाने की सलाह भी देते हैं लेकिन आपको वॉटर प्रूफ या फिर जेल मिक्स करते फाउंडेशन को लाइट बनाकर फिर उसे स्किन पर अप्लाई करना चाहिए. ऐसा करने से आपका फाउंडेशन दिनभर चेहरे पर स्टे करेगा और बारिश की बूंदो से खराब भी नहीं होगा.

– बारिशों के दिनों में सिर्फ वॉटरप्रूफ आईलाइनर की ही इस्तेमाल करें. तेज बारिश में भी ये आपकी आंखों की खूबसूरती खराब नहीं होने देगा

– आईशैडो लगाना अगर आपको पसंद हैं तो मानसून में वाइब्रेंट कलर का चुनाव करें बस एक बात का ख्याल रखें की आईशैडो भी वॉटरप्रूफ ही होना चाहिए

# सरकारी चावल के खरीदार नहीं

यह बहुत विंडबना वाली स्थिति है कि केंद्र सरकार ने अचानक राज्यों को चावल बेचने पर रोक लगा दी और अब उसके चावल के खरीदार नहीं मिल रहे हैं। पिछले दिनों केंद्र सरकार ने भारतीय खाद्य निगम यानी एफसीआई को निर्देश दिया कि वह घरेलू बाजार के लिए लागू ओपन मार्केट स्कीम के तहत राज्यों को चावल बेचना बंद करे। इसके बदले सरकार ने ई–ऑक्शन के जरिए चावल बेचने का निर्देश दिया। सरकार ने जब यह आदेश जारी किया तो कहा गया कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की मुफ्त चावल बांटने की योजना को फेल करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। कांग्रेस ने कहा कि एफसीआई ने कर्नाटक सरकार को चावल देने पर सहमति जता दी थी लेकिन बाद में केंद्र सरकार ने उसकी अन्न भाग्य योजना को विफल करने के लिए चावल बेचने से इनकार किया है। राज्य सरकार ने बाजार की कीमत पर चावल खरीदने की इच्छा जताई थी फिर भी उसे चावल नहीं मिला। अब खबर है कि एफसीआई ने चावल की नीलामी शुरू की तो उसे खरीदार नहीं मिला। ध्यान रहे नीलामी की प्रक्रिया में सिर्फ निजी खरीदार ही हिस्सा ले सकते हैं। सरकारों को इसमें हिस्सा लेने की अनुमति नहीं है। एफसीआई ने 3.86 लाख मीट्रिक टन चावल की नीलामी का टेंडर किया था लेकिन उसको सिर्फ 170 मीट्रिक टन की बोली मिली है।

इसमें सबसे ज्यादा 70 मीट्रिक टन का ऑडर्र महाराष्ट्र का है। उसके बाद गुजरात का 50 और कर्नाटक का 40 मीट्रिक टन का ऑर्डर है। पूर्वोत्तर के राज्यों से 10 मीट्रिक टन का ऑर्डर मिला है। एफसीआई ने पंजाब के लिए डेढ़ लाख मीट्रिक टन रखा था लेकिन किसी ने बोली नहीं लगाई। एफसीआई ने नीलामी की कीमत प्रति क्विंटल 3,173 रखी है और जिस 170 मीट्रिक टन की बोली लगी है उसकी औसत कीमत 3,175.35 रुपए रही। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि कर्नाटक सरकार 34 सौ रुपए प्रति क्विंटल की कीमत पर खरीद करने को तैयार थी।

# सामाजिक न्याय और अधिकारिता की ओर आगे बढ़ना

**राष्ट्रीय यंत्रीकृत स्वच्छता इकोसिस्टम कार्रवाई (नमस्ते) का उद्देश्य सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों की मौत को रोकने और स्वच्छता कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सफाई कार्यों के मशीनीकरण को बढ़ावा देना है। बैंकों द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं के लिए 5.00 लाख रुपये तक की पूंजीगत सब्सिडी और ब्याज सब्सिडी प्रदान की जाती है। हाथों से मैला सफाई करने वाले सफाईकर्मियों के पुनर्वास के लिए स्व–रोजग़ार योजना (एसआरएमएस) के एक भाग के रूप में, 2014–15 से ऐसे 22,294 सफाईकर्मियों और उनके आश्रितों को विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामांकित किया गया है। 508 जिलों ने कर्मियों द्वारा मैला सफाई की प्रथा से स्वयं को मुक्त घोषित कर दिया है।**

**डॉ वीरेंद्र कुमार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी नेतृत्व में, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय समाज में हाशिए पर रहने वाले और वंचित समुदायों, जैसे एससी, ओबीसी, ईबीसी, डीएनटी, ट्रांसजेंडर, वरिष्ठ नागरिक, सफाई कर्मचारी आदि के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले नौ वर्षों में इन समुदायों के लोगों के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक सशक्तिकरण समेत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखी जा रही है। पिछले नौ वर्षों में, भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा कुछ प्रमुख योजनाएं कार्यान्वित की गयीं हैं।

भारत में अध्ययन के लिए अनुसूचित जाति के छात्रों को मैट्रिक के बाद दी जाने वाली छात्रवृत्ति का उद्देश्य सबसे गरीब घरों के अनुसूचित जाति के छात्रों के सन्दर्भ में उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि करना है। 2019–20 के दौरान 11–12वीं में पढऩे वाले अनुसूचित जाति के छात्रों का सकल नामांकन अनुपात 52.9 प्रतिशत था, जो 2020–21 के दौरान बढक़र 56.1 प्रतिशत और 2021–22 के दौरान 61.5 प्रतिशत हो गया। 2014–15 से अनुसूचित जाति के 4.87 करोड़ से अधिक छात्रों को लगभग 29828.80 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता प्राप्त हुई है। अनुसूचित जाति और अन्य के लिए मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना, अनुसूचित जाति के उन छात्रों के लिए है, जिनके माता–पिता की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से अधिक नहीं है। 2019–20 के दौरान 9–10वीं में पढऩे वाले अनुसूचित जाति के छात्रों का सकल नामांकन अनुपात 83 प्रतिशत था, जो 2020–21 के दौरान बढक़र 84.8 प्रतिशत और 2021–22 के दौरान 84.9 प्रतिशत हो गया। 2014–15 से अनुसूचित जाति के 2.31 करोड़ से अधिक छात्रों को 3528.17 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता प्राप्त हुई है। उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं की उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति योजना (श्रेयस) तथा निःशुल्क कोचिंग (एफसीएस) के तहत एससी और ओबीसी के 19995 से अधिक छात्रों को 2014–15 से केंद्रीय सहायता के रूप में 109.79 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। एससी के लिए शीर्ष श्रेणी की छात्रवृत्ति योजना (टीसीएस) के तहत 2014–15 से 21988 से अधिक एससी छात्रों को केंद्रीय सहायता राशि के रूप में 399.15 करोड़ रुपये जारी किए गए। अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना (एनओएस) के तहत अनुसूचित जाति, गैर–अधिसूचित, घुमंतू और अर्ध–घुमंतू जनजातियों, भूमिहीन कृषि मजदूरों और पारंपरिक कारीगर श्रेणियों के 950 से अधिक चयनित छात्रों को केंद्रीय सहायता के रूप में 2014–15 से 222.24 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गयी। एससी छात्रों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप (एनएफएससी) के तहत 2014–15 से 21066 से अधिक छात्रों को केंद्रीय सहायता राशि के रूप में 1628.89 करोड़ रुपये जारी किए गए। लक्षित क्षेत्रों में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए उच्च विद्यालयों में आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठ) के तहत 2014–15 से 3.18 लाख से अधिक छात्रों को केंद्रीय सहायता के रूप में 457.22 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गयी।

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम–एजेएवाई) का लक्ष्य कौशल विकास, आय–सृजन योजनाओं और अन्य पहलों के माध्यम से अतिरिक्त रोजगार के अवसर पैदा सृजन करना है। पीएम–एजेएवाई एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसमें 03 पूर्ववर्ती केंद्र प्रायोजित योजनाओं को शामिल किया गया है, जो इस प्रकार हैं – (1) पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का आदर्श ग्राम घटक; 2022–23 में 11500 अन्य गांवों को भी शामिल किया गया है; 4351 गांवों को पहले ही आदर्श ग्राम घोषित किया जा चुका है (2) अनुसूचित जाति उपयोजना (एससीए से एससीएसपी) के लिए विशेष केंद्रीय सहायता; वित्तीय सहायता 50,000 रुपये या परियोजना लागत का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, प्रति लाभार्थी या परिवार है (3) छात्रावास घटक 6पूर्ववर्ती बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना (बीजेआरसीवाई)8। पीएम–एजेएवाई योजना के तहत 2023–24 के लिए कुल अनुमानित परिव्यय 2050.00 करोड़ रुपये है।

राष्ट्रीय यंत्रीकृत स्वच्छता इकोसिस्टम कार्रवाई (नमस्ते) का उद्देश्य सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों की मौत को रोकने और स्वच्छता कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सफाई कार्यों के मशीनीकरण को बढ़ावा देना है। बैंकों द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं के लिए 5.00 लाख रुपये तक की पूंजीगत सब्सिडी और ब्याज सब्सिडी प्रदान की जाती है। हाथों से मैला सफाई करने वाले सफाईकर्मियों के पुनर्वास के लिए स्व–रोजग़ार योजना (एसआरएमएस) के एक भाग के रूप में, 2014–15 से ऐसे 22,294 सफाईकर्मियों और उनके आश्रितों को विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामांकित किया गया है। 508 जिलों ने कर्मियों द्वारा मैला सफाई की प्रथा से स्वयं को मुक्त घोषित कर दिया है।

अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवाईएवाई) वरिष्ठ नागरिकों के लिए आश्रय, वित्तीय सुरक्षा, भोजन, स्वास्थ्य देखभाल और मानवीय संपर्क या गरिमापूर्ण जीवन की सुविधा देती है। 2014–15 से 6,67,330 लाभार्थियों को 511.81 करोड़ रुपये वितरित किये गये हैं। 2019–20 से 2022–23 तक वरिष्ठ नागरिकों के लिए राज्य कार्ययोजना (एसएपीएसआरसी) योजना के तहत 43.13 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। 2017–18 से, आरवीवाई के तहत आयोजित 265 शिविरों में 2,99,942 लाभार्थियों को 24,649.98 लाख रुपये की कीमत के कुल 12,24,645 उपकरण वितरित किए गए हैं।

नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) 15 अगस्त 2020 को 32 राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के 272 जिलों के लिए तैयार और लॉन्च किया गया था। अभियान की गतिविधियों में लगभग 3.08 करोड़ से अधिक युवाओं, 4,000 से अधिक युवा मंडलों, एनवाईकेएस और एनएसएस के स्वयंसेवकों और युवा क्लबों ने भाग लिया है। देश भर के 6000 से अधिक स्कूलों के 13 लाख से अधिक छात्रों के साथ संपर्क स्थापित किया गया है।

प्रधानमंत्री दक्षता और कुशलता संपन्न हितग्राही (पीएम–दक्ष) का उद्देश्य नौकरी खोजने या स्व–रोजग़ार उद्यम शुरू करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाला कौशल प्रदान करना है। वित्त वर्ष 2020–21 में लाभार्थियों की संख्या लगभग 32097 और 2022–23 में लगभग 35484 थी।

हमारे संवेदनशील प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्कृष्ट नेतृत्व में, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय पिछले 9 वर्षों से समाज के वंचित वर्ग के सम्मान, प्रगति और सभी प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं के लिए लगातार काम कर रहा है और मंत्रालय ने प्रतिष्ठित उपलब्धियाँ भी हासिल कीं हैं।

लेखक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री हैं।

# यूक्रेन की नाटो में एंट्रीः हां या ना?

**श्रुति व्यास**

नाटो देशों के शासक लिथुआनिया की राजधानी विल्नुस में जुटना शुरू हो गए हैं। उनकी शिखर बैठक 11 जुलाई से शुरू हो रही है। दो दिन की बैठक में कई अहम फैसले लिए जाने हैं, जिनका पूरी दुनिया पर असर पड़ेगा। बैठक में इस सैनिक जमावड़े में नए सदस्य शामिल करने पर भी विचार होगा। स्वीडन लंबे समय से नाटो का दरवाजा खटखटा रहा है।

इस बैठक का पूरी दुनिया पर इसलिए असर पड़ेगा क्योंकि इसमें यूक्रेन के बारे में कई फैसले लिए जाने हैं। यूक्रेन को नाटो में शामिल किया जाए या नहीं और यह भी कि क्या यूक्रेन को कई प्रतिबंधित हथियार देने का अमेरिका का निर्णय उचित है। ये वे हथियार हैं, जिन्हें अमेरिका के मित्र देश, कीव को नहीं देना चाहते। जाहिर है कि इन मसलों पर जो भी निर्णय लिया जाएगा वह युद्ध के भविष्य पर असर डालेगा। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि इस बैठक में यह तय होगा कि अपने 31 सदस्य देशों की रक्षा करने और वैश्विक भू–राजनीतिक व्यवस्था को आकार देने के अपने सबसे अहम उद्देश्यों के बारे में नाटो एकमत है या नहीं। नए देशों को नाटो की सदस्यता देने और यूक्रेन को सैनिक सहायता उपलब्ध करवाने के मुद्दे पर नाटो के सदस्य देशों में मतभेद हैं, यह तो जगजाहिर है ही।

अमेरिका और जर्मनी यूक्रेन को नाटो की सदस्यता दिए जाने के इच्छुक नहीं हैं तो ब्रिटेन और फ्रांस उसके पक्ष में मुहिम चला रहे हैं। तुर्की चाहता है कि यूक्रेन नाटो में शामिल हो परंतु स्वीडन नहीं। यूक्रेन ने विल्नुस में इकठ्ठा नेताओं को अपनी इच्छा बता दी है। यूक्रेन की फरमाईश है कि उसे सदस्य बनने के लिए बाकायदा आमंत्रित किया जाए। हालांकि यूक्रेन को भी पता है कि उसकी यह इच्छा पूरी होना काफी मुश्किल है।

यहां यह साफ कर देना जरूरी है कि यूक्रेन तुरंत नाटो की सदस्यता नहीं चाहता। वहां के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की भी मानते हैं कि यूक्रेन को युद्ध खत्म होने के बाद ही नाटो में शामिल होना चाहिए। वे नहीं चाहते कि नाटो संधि की धारा पांच के अंतर्गत अन्य देश भी इस युद्ध में शामिल होने पर मजबूर हो जाएं। यूक्रेन चाहता केवल यह है कि उसे न्योता मिल जाए ताकि कथित रणनीतिक अस्पष्टता समाप्त हो सके। यह अस्पष्टता सन 2008 में रोमानिया के बुखारेस्ट में हुई नाटो शिखर बैठक से जारी है। उस समय नाटो ने यह तय किया था कि यूक्रेन को सदस्य बनाया जाएगा परंतु कब और कैसे यह नहीं बताया गया था। यूक्रेन की मंजिल तय थी परंतु सफर पर किस दिन निकलना है यह तय नहीं था। इस कारण यूक्रेन बुरी तरह फंस गया और अंततः पुतिन ने उस पर चढ़ाई कर दी। अब अगर यूक्रेन को न्योता भी नहीं मिलता तो उसे पुतिन की जीत समझा जाएगा। इससे ऐसा भी लगेगा कि पुतिन नाटो के विस्तार को वीटो कर सकते हैं। इससे यह संदेश भी जाएगा कि दूसरे देशों से युद्ध छेडऩे और पराई भूमि पर कब्जा करने की उनकी नीति काम करती है।

## असम में 48,747 लोग अब भी बाढ़ से प्रभावित

**गुवाहाटी , एजेंसी ।** असम में कम से कम 48,747 लोग अब भी विनाशकारी बाढ़ से जूझ रहे हैं। इनमें बिश्वनाथ, धेमाजी और लखीमपुर जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के नवीनतम बुलेटिन के अनुसार, 48,747 में से लखीमपुर जिले में 29,757 लोग, बिस्वनाथ में 15,461 लोग और धेमाजी में 2,715 लोग बाढ़ प्रभावित हैं।

बुलेटिन में कहा गया है कि हालिया बाढ़ में सात लोगों की मौत हो गई है। पिछले 24 घंटे में कोई नई मौत नहीं हुई है। लखीमपुर जिले में, कम से कम 67 गांव और 5,45.50 हेक्टेयर फसल भूमि जलमग्न है। एएसडीएमए के आंकड़ों के मुताबिक, तेजपुर के निमातीघाट में ब्रह्मपुत्र नदी और नंगलामुराघाट में दिसांग नदी खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ ने 50,000 से अधिक मवेशियों को भी प्रभावित किया है।

## महाराष्ट्र में अखबार ले जा रही वैन दुर्घटनाग्रस्त, 4 लोगों की मौत

**नागपुर , एजेंसी ।** महाराष्ट्र के यवतमाल–करंजी रोड पर कोथोडा गांव के समीप मंगलवार को अखबार ले जा रही एक वैन और एक अज्ञात वाहन के टक्कर में वैन में सवार चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना मंगलवार की सुबह हुई जब वैन अखबार का बंडल लेकर पंढारकावड़ा जा रहा था। दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने के बाद स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इस दुर्घटना में मृत वाहन चालक की पहचान किशोर बोरकर के रूप में की गई है।

पुलिस अन्य तीन मृतकों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। वैन की हालत देखते हुए पुलिस को आशंका है कि उस वैन किसी ट्रक से आमने–सामने की टक्कर हुई थी। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

## महाराष्ट्र में खाई में गिरी बस, 18 लोग घायल

**नासिक , एजेंसी ।** महाराष्ट्र के नासिक में बुधवार सुबह यात्रियों से भरी राज्य सडक़ परिवहन निगम की एक बस सप्तश्रृंगी पहाडिय़ों के पास खाई में गिर गई।

अधिकारियों ने बताया कि हादसे में कम से कम 18 घायल हो गए हैं। बस में 20 से ज्यादा लोग सवार थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक और तीर्थयात्री थे। हादसा उस समय हुआ जब बस पहाड़ी रास्ते पर गणपति प्वाइंट के पास से गुजर रही थी।

# राज्य में 1189 सड़कें ठप, 3200 जलापूर्ति योजनाएं प्रभावित



**शिमला, एजेंसी।** सरकार आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। यह बात राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कुल्लू में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में राहत और बचाव कार्य प्रगति पर हैं। सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी लगातार लोगों को राहत पहुंचाने में जुटे हैं। उन्होंने भुंतर सब्जी मंडी में आढ़तियों, व्यापारियों और लोगों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार विपदा की घड़ी में लोगों के साथ है। इसके साथ ही नेगी ने मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी के साथ औट–सैंज सड़क की बहाली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश भी जारी किए। लोक निर्माण विभाग सड़कों की बहाली के कार्य में तेजी लाएं, जिससे लोगों की आवाजाही सुनिश्चित हो सके। अवस्थी ने कहा कि सरकार नुकसान का उचित आकलन कर बाढ़ग्रस्त क्षेत्र के हर संभव पुनर्वास के लिए तत्पर है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों का दुख–दर्द जाना। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को हर मदद का भरोसा दिया। इस दौरान मंडी सदर विधायक अनिल शर्मा व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंडी में पंचवक्त्र मंदिर का जायजा लिया।

सिस्सू हेलीपैड में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने चंद्रताल के मुश्किल भरे हालातों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि सरकार, प्रशासन के अधिकारी व बचाव टीम चंद्रताल में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने में जुटे हुए हैं। जल्द ही सभी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया जाएगा। उन्होंने आपदा की इस घड़ी में लोगों से सरकार का सहयोग करने का आह्वान किया। हिमाचल में प्रदेश फिर भारी बारिश का अलर्ट जारी हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से प्रदेश के कई भागों में 15 व 16 जुलाई को भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई भागों में 18 जुलाई तक बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। वहीं, राजधानी शिमला में आज हल्की धूप खिलने के साथ बादल छाए हुए हैं। धौलाकुआं में 144.5,रेणुकाजी 87.0, रिकांगपिओ 42 और कोटखाई में 30.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। चंद्रताल में फंसे 300 लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को बर्फ से लकदक चंद्रताल झील का हवाई सर्वेक्षण किया। चंद्रताल में 300 लोग फंसे हुए हैं। आज शाम तक बचाव दल ने चंद्रताल पहुंचने का लक्ष्य रखा है ताकि लोगों को जल्द सुरक्षित निकाला जा सके। बचाव अभियान में बर्फ व माइनस तापमान बाधा बन रहा है।

कालका–शिमला नेशनल हाईवे छोटे वाहनों के लिए खोल दिया गया है। धीरे–धीरे यहां से वाहन निकाले जा रहे हैं। उधर, मंडी जिले में औट व नगवाईं के बीच फोरलेन अभी बंद है। मंडी पुलिस के अनुसार फोरलेन को खुलने में काफी समय लग सकता है। ऐसे में चैलचौक–पंडोह से औट होते हुए कुल्लू जाने की कोशिश ना करें। क्योंकि औट से आगे कुल्लू की तरफ नहीं जा पाएंगे। पुलिस के अनुसार कुछ सोशल मीडिया ग्रुपों में यह बताया जा रहा है कि यह रास्ता खुल गया है, लेकिन यह सही नहीं है। इस गलत सूचना के कारण कुल्लू जाने वाले लोग चैलचौक–पंडोह होते हुए औट की तरफ जा रहे हैं व आगे जाकर परेशान हो रहे हैं।

भारी बारिश से किन्नौर जिले के सांगला बाजार में बुधवार दोपहर बड़ी मात्रा में मलबा आ गया। इससे व्यापक नुकसान की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि भारी बारिश से अचानक बाढ़ जैसे हालात हो गए और ऊपर की तरफ से बड़ी मात्रा मलबा सांगला बाजार में पहुंच गया। कई गाड़ियां भी मलबे में दब गईं। क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व संचार सेवाएं ठप होने से लोग एक–दूसरे से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं।

# यमुना के जलस्तर ने तोड़ा 45 साल का रिकॉर्ड, रिंग रोड और कश्मीरी गेट तक पहुंचा पानी



**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली समेत उत्तर–भारत के अधिकांश राज्यों में बीते सप्ताह मानसून की बारिश आफत बनकर बरसी। दिल्लीवालों की मुसीबतें बढ़ने के पूरे आसार हैं क्योंकि बारिश का थमा हुआ सिलसिला फिर शुरू होने वाला है और हरियाणा का पानी यमुना जलस्तर बढ़ा रहा है। दिल्ली–एनसीआर में इस सप्ताह भी बारिश होगी और 15–16 तारीख के लिए बारिश का यलो अलर्ट है।

उत्तर पूर्वी जिला पुलिस ने यमुना के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए यमुना के आसपास जाने पर पाबंदी लगाते हुए धारा 144 लागू की, यमुना के किनारे से आधा किलोमीटर तक जाने पर पाबंदी ।मयूर विहार पुश्ते पर बचाव के लिए फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची है। सीढ़ी लगाकर लोगों को पुल पर चढ़ाया जा रहा। घंटों पहले मंगाई गई थी बोट अब तक नहीं पहुंची। अभी भी सैकड़ों लोग अंदर फंसे हुए हैं बहुत सारे जानवर फंसे हुए हैं। उन्हें बचाने के लिए एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई है ।जगतपुर गांव में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। वहीं, सिग्नेचर ब्रिज के पास नदी के बाढ़ क्षेत्र में स्थित गढ़ी मांडू गांव जलमग्न हो गया है। नावों से लोगों को निकाला जा रहा है।

1978 में दिल्ली में यमुना की बाढ़ ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इसमें करीब 43 वर्ग किलोमीटर कृषि भूमि जलमग्न होकर बर्बाद हो गई थी। लाखों लोग बेघर हो गए थे। उस समय यमुना के लोहे के पुल पर जलस्तर 207.49 मीटर पहुंच गया था, तब यमुना के किनारों पर पुस्ते नहीं बनाए गए थे। इसके बाद दो बार और यमुना का जलस्तर 207 मीटर के निशान के पार गया है। 2010 (207.11 मीटर) और 2013 (207.32 मीटर) में दिल्ली को बाढ़ का सामना करना पड़ा था। कश्मीरी गेट तक यमुना का पानी पहुंच गया था। यमुना के बढ़ते जलस्तर को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल ने इमरजेंसी बैठक बुलाई है। दिल्ली सचिवालय में इमरजेंसी बैठक होंगी। बैठक में में सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। यमुना के बढ़ते जलस्तर ने 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बुधवार दोपहर दो बजे नदी का जलस्तर 207.55 मीटर तक जा पहुंचा। इससे पहले 1978 में नदी का जलस्तर 207.49 मीटर तक पहुंचा था ।मयूर विहार पुस्ते पर पूर्वी दिल्ली से सांसद गौतम गंभीर ने जाकर बाढ़ प्रभावित लोगों का हाल जाना। डीएम को यहां पर तत्काल नाव की व्यवस्था करने के लिए कहा। यहां लोग बता रहे हैं कि अभी भी हजारों लोग अंदर फंसे हुए हैं। यमुना का बढ़ता जलस्तर दिल्ली वालों की मुश्किलें बढ़ा रहा है। नदी का पानी नोएडा–दिल्ली लिंक रोड तक पहुंच गया है।

यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। दोपहर 12 बजे नदी का जलस्तर 207.48 जा पहुंचा है। 1978 का 207.49 मीटर जलस्तर का रिकॉर्ड बस टूटने ही वाला है।

दोपहर करीब 12 बजे पूर्वी दिल्ली से सांसद गौतम गंभीर मयूर विहार फेज–1 मेट्रो स्टेशन के पास बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात करेंगे, उनके कार्यकर्ता यहां भोजन वितरण कर रहे हैं।

मयूर विहार सब डिवीजन के तहसीलदार विनोद कुमार सिंह ने बताया कि रात में पानी बढ़ने पर ऊंची व सूखी जगहों पर पानी भरने लगा तो सांप व बिच्छू निकलने लगे। लोगों को उनके घरों के पास जाकर समझाने की कोशिश की गई कि अब तराई इलाके में रहना उनके लिए सुरक्षित नहीं है। बाढ़ का खतरा होने के साथ–साथ सांप–बिच्छू भी लोगों की जान के लिए खतरा बन सकते हैं।

# सनातन हिंदुओं के दिलों में हिंदू राष्ट्र, अब राम राज की क्रांति का समय: बाबा बागेश्वर



**नोएडा , एजेंसी।** धर्मनिरपेक्ष भारत को अब हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग लगातार जोर पकड़ रही है। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री भी अपने तरीके से इस आवाज को बुलंद कर रहे हैं। अपने कार्यक्रमों में सनातन संस्कृति को अपनाने पर जोर देने के साथ ही नई पीढ़ी में इसके संस्कार रोपित करने, उन्हें सनातनी संस्कृति से जोड़ने पर विशेष जोर है। मजहबी से लेकर मतांतरण के मुद्दे पर बेबाकी से विचार रखने वाले धीरेंद्र शास्त्री ने दैनिक जागरण से विशेष बातचीत करते हुए कहा कि हिंदू राष्ट्र के लिए जनता को जागरूक होना होगा।

इसके लिए न सरकार से मांग करने की जरूरत है और न ही राजनीतिक दलों से बात करने की आवश्यकता है। उनकी कल्पना कागज पर हिंदू राष्ट्र की नहीं है। सनातन हिंदुओं के दिलों में हिंदू राष्ट्र और राम राज को जगाने का सिद्धांत है।

इस कल्पना को साकार करने के लिए जिस दिन लोगों ने इस आवाज को उठाते हुए अपनी आवाज मान लिया उस दिन भारत हिंदू राष्ट्र बन जाएगा। वह हिंदू राष्ट्र व देश में राम राज के लिए लोगों को सजग करते रहेंगे। राजनीति में साधु संतों की भूमिका और राजनीतिक दलों को सहयोग देने पर उन्होंने कहा कि धर्म से राजनीति चलती है, राजनीति से धर्म नहीं चलता। धर्म दंड के नीचे अगर राजनीति चलती है तो यह उचित है।

साधु, आचार्यों का राजनीतिक से जुड़ना या समर्थन देना उनका निजी विचार, जिम्मेदारी है। वह अपनी जिम्मेदारी को बखूबी जानते हैं। राम राजनीति से बड़ी राजनीति नहीं होनी चाहिए। देश भर में मतांतरण के ज्वलंत मुद्दा पर धीरेंद्र शास्त्री ने जोरदार तरीके से कहा कि इस तरह के मामलों को रोकने के लिए ही सनातनी हिंदू एकता यात्रा और क्रांति की शुरुआत की है।

शांति मंत्र का जिक्र करते हुए कहा कि अब भारत में शांति बहुत हो चुका, अब राम राज की क्रांति का समय है। लोगों को अब तांत्रिकों के चक्कर में नहीं आना है। उनसे बचकर रहना है। बाबा बालाजी सबकी रक्षा के लिए हैं। धर्म की आड़ में महिलाओं के साथ होने वाले दुराचार के मामलों पर उन्होंने कहा कि गंदी मानसिकता के लोग हर जगह है।

महिलाओं के साथ कहीं भी कुछ गलत हो सकता है। बहन बेटियों को सजग तरीके से सावधान रहना होगा। कृपा के लिए अकेले किसी के पास न जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाएं अपने भाई, पिता व पति के अलावा अंध भरोसा किसी पर न करें। उन्होंने अपनी मुंबई की यात्रा का भी जिक्र करते हुए कहा कि वह लोगों से जो आहवान कर रहे हैं, लोगों पर उसका प्रभाव भी पड़ा रहा है। मुंबई में एक कार्यक्रम के लिए जाते वक्त लालबत्ती पर रुके तो एक रिक्शा चालक ने उन्हें देखते ही जय हिंदू राष्ट्र का नारा लगाया। इसे सुनकर लगा कि जिस मुहिम को वह आगे बढ़ाने में लगे हैं, लोग उससे जुड़ रहे हैं और मुझे लगा कि बाबा बालाजी ने अलख जगा दी है।

### धीरेंद्र शास्त्री के दरबार में उमस से बेहोश हो–होकर गिरे लोग, कार्यक्रम छोड़कर गए बागेश्वर सरकार

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। बागेश्वर सरकार पंडित धीरेंद्र शास्त्री का दिव्य दरबार इन दिनों उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के ग्रेटर नोएडा में सजा है। बुधवार को दिव्य दरबार लगाने के दौरान करीब दो लाख लोगों की भीड़ पहुंच गई और पंडाल में अव्यवस्था हो गई। ऐसे में लोग गर्मी और उमस के कारण बेहोश होकर गिरने लगे तो बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री को अपना कार्यक्रम बीच में ही छोड़कर जाना पड़ा। इस दौरान काफी लोग अचेत होकर गिर पड़े और जबरदस्त भीड़ को देखते हुए प्रशासन के भी हाथ–पांव भूल गए।

## रूसी नौसेना के पूर्व कमांडर की जॉगिंग के दौरान गोली मारकर हत्या

**मॉस्को , एजेंसी।** मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, रूसी नौसेना के एक पूर्व कमांडर की दक्षिणी शहर क्रास्नोडार में जॉगिंग के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। 42 वर्षीय स्टैनिस्लाव रज़ित्स्की, जिन्होंने कथित तौर पर क्रास्नोडार पनडुब्बी की कमान संभाली थी, को ओलिंप स्पोर्ट्स सेंटर के पास एक पार्क में पीठ और सीने में गोली मार दी गई थी। रूसी जांचकर्ताओं ने कहा कि एक संदिग्ध की पहचान सेरही डेनिसेंको के रूप में हुई है, जो 1959 में यूक्रेनी शहर सुमी में पैदा हुआ था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। कई रूसी टेलीग्राम चैनलों ने दावा किया है कि डेनिसेंको यूक्रेनी कराटे फेडरेशन का पूर्व प्रमुख था। रूस की जांच समिति ने कथित गिरफ्तारी का एक वीडियो भी जारी किया है, लेकिन इसमें शख्स का चेहरा धुंधला है। बाद में इसने कथित तौर पर रज़ित्स्की के सुबह की दौड़ के सीसीटीवी फुटेज प्रकाशित किए, जिसके पीछे एक बाइक पर सवार व्यक्ति भी था। रूसी टेलीग्राम चैनल बाजा ने बताया कि हत्यारे ने फिटनेस ऐप पर रज़िट्स्की की दौड़ को ट्रैक किया होगा क्योंकि वह दौड़ते समय नियमित रूप से उसी रास्ते पर जाते थे। वह अक्सर उस क्षेत्र में दौड़ा करते थे जहां उनके मारे जाने की सूचना है। उनका पता और व्यक्तिगत विवरण यूक्रेनी वेबसाइट माइरोवोरेट्स (यानी शांतिदूत) पर भी अपलोड किया गया था, जो यूक्रेन के दुश्मन माने जाने वाले लोगों का एक विशाल अनौपचारिक डेटाबेस है। अब साइट पर उनकी तस्वीर पर लाल अक्षरों में लिक्विडेटेड शब्द अंकित कर दिया गया है। एक बयान में, यूक्रेन की सैन्य खुफिया एजेंसी ने कहा कि भारी बारिश के कारण पार्क सुनसान था, इसलिए कोई गवाह नहीं है जो विवरण दे सके या हमलावर की पहचान कर सके। यूक्रेनी आंतरिक मंत्रालय के सलाहकार एंटोन गेराशचेंको ने ट्वीट किया कि रूसी मीडिया यूक्रेन पर संलिप्तता का आरोप लगा रहा है, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि क्या यह संदेह उचित था।

# ज्योति मौर्य केस: मनीष दुबे के निलंबन की अटकलों को शासन ने किया खारिज



**लखनऊ , एजेंसी।** होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे पर कार्रवाई करने के लिए शासन ने जांच रिपोर्ट का परीक्षण शुरू कर दिया है। अपर मुख्य सचिव होमगार्ड्स अनिल कुमार ने कहा कि रिपोर्ट का परीक्षण करने के बाद निलंबन करने और विभागीय जांच शुरू करने का निर्णय लिया जाएगा। बता दें कि डीआईजी होमगार्ड संतोष कुमार ने सोमवार को अपनी जांच रिपोर्ट डीजी बीके मौर्य को सौंपी थी। डीजी ने अपनी संस्तुतियों के साथ इसे शासन भेज दिया था।

रिपोर्ट में महोबा में तैनात कमांडेंट मनीष दुबे को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू करने और मुकदमा दर्ज करने की सिफारिश की गई है।

अनिल कुमार ने सोशल मीडिया में चल रहीं उन अटकलों को खारिज कर दिया जिसमें मनीष दुबे के निलंबन की बात कही जा रही है। अनिल कुमार ने कहा कि जब तक परीक्षण पूर्ण नहीं हो जाता, निलंबन का फैसला नहीं होगा। मालूम हो कि बुधवार दोपहर से सोशल मीडिया पर मनीष दुबे के निलंबन की बातें चल रही हैं।

इस प्रकरण की जांच कर रहे डीआईजी संतोष कुमार को ज्योति मौर्य के पति आलोक मौर्या ने कुछ कॉल रिकॉर्डिंग दी थी। इनमें से एक रिकॉर्डिंग में ज्योति और मनीष आपस में आलोक को रास्ते से हटाने, ठिकाने लगाने, कहानी खत्म करने... जैसे शब्द बोलते पाए गए हैं। जब मनीष से इस बारे में पूछताछ की गई तो उसने कहा कि वे आलोक से तलाक लेने की बात कह रहे थे। हालांकि डीआईजी ने इस बातचीत को बेहद गंभीर प्रकरण मानते हुए पुलिस से जांच कराने की संस्तुति की है। इसका मुकदमा दर्ज होने पर ज्योति और मनीष के मोबाइल फोन, सीडीआर इत्यादि की गहनता से पड़ताल की जाएगी।

वहीं, जांच के दौरान पीसीएस ज्योति मौर्य ने खुद पेश होने के बजाय अपना बयान लिखकर भेजा था। उन्होंने अपने बयान में खुद को निर्दोष करार दिया है। उन्होंने लिखा कि उनका अपने पति से विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में है और वह अदालत के समक्ष अपनी बात रखेंगी।

प्रयागराज के रहने वाले सफाईकर्मी पति आलोक मौर्य से रिश्तों में खटास के बाद पीसीएस अफसर ज्योति मौर्य चर्चा में बनी हैं। आलोक ने होमगार्ड मुख्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पत्नी ज्योति मौर्य का होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे के साथ अफेयर है। पीसीएस ज्योति मौर्य के पति आलोक मौर्य प्रयागराज के निवासी हैं और पंचायतीराज विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। शादी के बाद ज्योति मौर्य का पीसीएस में चयन हुआ था। उनके पति ने अपनी शिकायत में कमांडेंट मनीष दुबे

## 11 दिन में 1.37 लाख लोगों ने पूरी की अमरनाथ यात्रा

**श्रीनगर , एजेंसी ।** इस साल 1 जुलाई को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के पहले 11 दिन में अब तक 1.37 लाख तीर्थयात्री बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं।

अधिकारियों ने कहा, मंगलवार को 18,000 से अधिक यात्रियों ने पवित्र गुफा के अंदर दर्शन किए, जबकि 6,554 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था बुधवार सुबह जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ।

जम्मू–श्रीनगर राजमार्ग बंद रहने के कारण जम्मू से घाटी तक तीर्थयात्रा अवरुद्ध रही। फंसे हुए वाहनों और अमरनाथ यात्रियों को निकालने के लिए आज इस मार्ग पर यातायात फिर से शुरू किया गया।

यात्री या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से हिमालय गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं। पहलगाम आधार शिविर से 43 किलोमीटर की चढ़ाई होती है जबकि उत्तरी कश्मीर बालटाल आधार शिविर से 13 किलोमीटर की चढ़ाई होती है।

पारंपरिक पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में तीन–चार दिन लगते है।

# अब टमाटर की चोरी: सब्जी विक्रेता के घर से 25 हजार रुपये का कैरेट ले गए चोर



**कोरबा , एजेंसी।** कभी पांच से दस रुपए प्रति किलो की दर से बिकने वाले टमाटर के भाव आसमान छू रहे हैं। छत्तीसगढ़ के बाजारों में इसकी कीमत 120 से 140 रुपये किलो है। ऐसे में अब चोर भी सोने–चांदी को छोड़कर टमाटर की चोरी करने में लगे हैं। ताजा मामला कोरबा जिले का है। यहां पर एक सब्जी व्यवसायी के घर से टमाटर से भरी कैरेट चोरी हो गई। उसकी कीमत करीब 25 हजार रुपये बताई जा रही है। इससे पहले भी उसके घर से टमाटर की चोरी हो चुकी है। इसके बाद मानिकपुर पुलिस चौकी में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

जानकारी के मुताबिक, एसईसीएल के झोपड़ीपारा निवासी कैलाश टंडन सब्जी व्यवसायी है। उसने अपने घर में टमाटर से भरे पांच कैरेट खरीद कर रखे थे। जब वह बुधवार सुबह सोकर उठा तो उसमें से एक कैरेट गायब था। उसने परिवार वालों ने उसके बारे में पूछा, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद कैलाश ने मामला दर्ज कराया। कैलाश का कहना है कि किसी जानकारी व्यक्ति ने ही उसके घर से टमाटर की चोरी की होगी। इससे पहले भी इस तरह की घटना उसके साथ घट चुकी है। हालांकि तब रिपोर्ट नहीं की थी।

कैलाश ने बताया कि टमाटर अभी काफी महंगा है 100 रुपये से लेकर 120, 130 रुपये किलो के भाव से बिक रहा है। उसने सात कैरेट टमाटर खरीदा है। एक पेटी उसे 25 हजार रुपये की पड़ी है। उसने बताया कि आसपास असामाजिक तत्वों का डेरा रहता है जो दिन रात शराब गांजा पीकर मस्त रहते हैं। अभी टमाटर जिस तरह से मंगाया और चोरी हुआ है इससे उसको काफी नुकसान हुआ है। फिलहाल मानिकपुर चौकी पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर रहे हैं। जल्द ही टमाटर चोर तक पहुंच जाएंगे।

## बीसलपुर बांध का जलस्तर बढकर 313.45 मीटर पहुंचा

**अजमेर एजेंसी ।** राजस्थान में अजमेर संभाग के टोंक जिले में अवस्थित अजमेर–जयपुर के लिए पानी आपूर्ति के सबसे बड़े जलस्त्रोत बीसलपुर बांध में आज सुबह छह बजे तक पानी का गेज बढक़र 313.45 आर.एल.मीटर तक पहुंच गया।

## कर्नाटक में जैन मुनि की हत्या के बाद दो और हत्याएं

**बेंगलुरु ,एजेंसी।** कर्नाटक के बेलगावी जिले में एक जैन मुनि की हत्या के ठीक बाद हुए दोहरे हत्याकांड से राज्य में डर का माहौल व्याप्त है। बेंगलुरु में मंगलवार को एक पूर्व कर्मचारी ने फर्म के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी निदेशक की हत्या कर दी। आरोपी की पहचान कथित रूप से फेलिक्स के रूप में हुई है जबकि मृतक फणींद्र सुब्रमण्यम और वीनू कुमार हैं, जो एरोनिक्स इंटरनेट कंपनी के सीईओ और एमडी थे।

पुलिस के अनुसार, यह अपराध अमृताहल्ली में स्थित कंपनी के कार्यालय में हुआ जब उन दोनों पर चाकू से हमला किया। आरोपी ने कथित रूप से उस कंपनी को छोड़ दिया था और अपना खुद का काम शुरू किया था लेकिन उसकी श्री फणींद्र से गहरी दुश्मनी थी। अमृताहल्ली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और फरार आरोपियों को पकडऩे के लिए तलाश शुरू की गई है।

# रोहित के हाथों से हुआ यशस्वी के करियर का शुभारंभ





नई दिल्ली, भारत और वेस्टइंडीज के बीच 12 जुलाई से दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट खेला जा रहा है। ये टेस्ट मैच डोमिनिका के रोलेउ में खेला जा रहा है। मैच में वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने टॉस जीतकर पहले बल्लोजी करने का फैसला किया। इस सीरीज के पहले टेस्ट में दो भारतीय युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और ईशान किशन ने टेस्ट में डेब्यू किया है।

कप्तान रोहित शर्मा ने मैच से पहले यशस्वी जायसवाल को डेब्यू कैप सौंपी और विराट कोहली ने ईशान किशन को डेब्यू कैप पहनाई। सोशल मीडिया पर ये खूबसूरत तस्वीरें तेजी से वायरल हो रहा है।

दरअसल, सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें वायरल हो रही है जिसमें देखा जा रहा है कि कप्तान रोहित शर्मा यशस्वी जायसवाल को डेब्यू कैप पहनाते हुए नजर आ रहे है। वेस्टइंडीज के खिलाफ यशस्वी जायसवाल के डेब्यू का कप्तान रोहित ने मैच से पहले ही संकेत दे दिए थे। ऐसे में यशस्वी जायसवाल का आज सपना पूरा हो गया है।

वहीं, ईशान किशन को कैप पहनाते हुए किंग कोहली मुस्कुराते हुए नजर आए और उन्होंने इस दौरान ईशान को गले लगाकर बधाई दी। बता दें कि ईशान किशन विराट कोहली को अपना आइडल मानते हैं। ऐसे में टेस्ट करियर की शुरुआत विराट के हाथों से होने के बाद ईशान भावुक दिखे। जाहिर सी बात है कि जिसे आप अपना आइडल मानते हैं उसके हाथों टेस्ट डेब्यू कैप मिले उससे बड़ा खुशी का दिन किसी के लिए भी कैसे हो सकता है।

### एशिया कप को लेकर बड़ा अपडेटः हाइब्रिड मॉडल पर बनी सहमति

नई दिल्ली, एशिया कप को लेकर इस वक्त की एक बड़ी खबर सामने आ रही हैं. दरअसल लंबे विवाद और कई बैठकों के बाद बीसीसीआई और पीसीबी दोनों ने मतभेदों को दूर करने का फैसला किया है. दोनों देश के बोर्ड आगामी एशिया कप 2023 के मेजबानी के लिए हाइब्रिड मॉडल के इस्तेमाल पर सहमत है.

जिसके चलते भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का बहुचर्चित मैच श्रीलंका में होगा. भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी. आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि ना तो भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी और ना ही कोई टीम का सचिव. धूमल ने कहा कि बीसीसीआई सचिव जय शाह और पीसीबी प्रमुख जाका अशरफ की गुरुवार को होने वाली आईसीसी बोर्ड की बैठक से पहले मुलाकात हुई. जिसमें इसपर फैसला लिया गया हैं.धूमल ने कहा कि शाह और अशरफ की मुलाकात में इसको अन्तिम रूप दिया गया हैं. हालांकि ये बात पहले ही साफ हो चुकी थी कि भारत एशिया कप खेलने पाकिस्तान नहीं जायेगा ।

# टीम इंडिया के लिए बड़ी खुशखबरी, अय्यर ने शुरू की प्रैक्टिस



नई दिल्ली, टीम इंडिया की मेजबानी में होने वाले वर्ल्ड कप से पहले भारत को एक बड़ी खुशखबरी मिलती नजर आ रही हैं. दरअसल लंबे समय से चोटिल चल रहे श्रेयस अय्यर ने प्रैक्टिस शुरू कर दी हैं. अय्यर नेट में बल्लेबाजी करते देखे गये. खिलाड़ी का वर्ल्ड कप से पहले नेट में अभ्यास करना टीम इंडिया के लिए राहत की बात साबित हो सकती हैं.

अय्यर ने कुछ वक्त पहले ही सर्जरी करवाई थी. अपनी बैक इंजरी से परेशान श्रेयस अय्यर अब रिकवरी और वापसी की राह पर दिख रहे हैं. अय्यर ने नेशनल क्रिकेट एकेडमी में अभ्यास शुरू किया है. अय्यर के साथ मौजूदा वक्त में केएल राहुल, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत जैसे स्टार भारतीय खिलाड़ी अपनी इंजरी के चलते टीम इंडिया से दूर चल रहे हैं.

ऐसे में अय्यर की वापसी टीम के लिए बड़ा रिलीफ साबित हो सकती है. भारतीय टीम को अक्टूबर-नवंबर में खेले जाने वाले वनडे विश्व कप से पहले एशिया कप भी खेलना है. हालांकि उनका एशिया कप में वापसी करना तो मुश्किल नजर आ रहा हैं लेकिन प्रैक्टिस पर लौटने के बाद उम्मीद जतायी जा रही हैं कि अय्यर वर्ल्ड कप में वापसी कर सकते हैं. वहीं अय्यर की वापसी टीम के लिए इसलिए भी खास रहने वाली हैं.क्योंकि फिलहाल भारत के पास नंबर 4 को लेकर स्थिति साफ नहीं हो पा रहीं हैं कि आखिर किस खिलाड़ी को इस जगह पर खिलाया जाये. क्योंकि टीम के पास नंबर 4 को लेकर कोई खिलाड़ी भी सेट नहीं हैं. ऐसे में अय्यर की वापसी टीम के लिए बड़ी राहत साबित होगी.

# एशियाई खेलों की तैयारी के लिये अहम है जर्मनी और स्पेन दौराः सविता



बेंगलुरू, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने बुधवार को कहा कि उनकी टीम आगामी जर्मनी और स्पेन दौरे को हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के मौके के रूप में देख रही है ।

भारतीय टीम बुधवार को यूरोप रवाना होगी । टीम पहले तीन मैचों की श्रृंखला के लिये जर्मनी जायेगी जहां मेजबान जर्मनी के अलावा चीन से भी खेलना है ।

इसके बाद स्पेन के टेरासा में 25 जुलाई को मेजबान से, 27 जुलाई को दक्षिण अफ्रीका और 28 जुलाई को इंग्लैंड से खेलना है ।सविता ने जर्मनी रवाना होने से पहले कहा, हमें इस दौरे का इंतजार है । एशियाई खेलों से पहले अच्छी टीमों का सामना करने से काफी कुछ सीखने को मिलेगा ।उन्होंने कहा , ये मैच काफी अहम हैं क्योंकि हम एशियाई खेलों की तैयारी कर रहे हैं । पिछले कुछ महीने में हमने अपनी ताकत और कमजोरियों पर काम किया है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे ।एशियाई खेल चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक खेले जायेंगे ।

# विंबलडन 2023ः रोहन बोपन्ना-मैथ्यू एबडेन की जोड़ी पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंची



लंदन, भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एबडेन ने मंगलवार को विंबलडन 2023 पुरुष युगल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। बोपन्ना और एबडेन ने राउंड 16 में नीदरलैंड के डेविड पेल और यूएसए के रीज़ स्टैल्डर को हराया।

ऑल इंग्लैंड क्लब के ग्रास कोर्ट पर खेलते हुए, छठी वरीयता प्राप्त इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने अपने गैरवरीय विरोधियों को दो घंटे और 19 मिनट तक चले मुकाबले में 7-5, 4-6, 7(10)-6(5) से हरा दिया।

एटीपी युगल रैंकिंग में दुनिया के 12वें नंबर के रोहन बोपन्ना और पिछले साल मैक्स परसेल के साथ विंबलडन युगल खिताब जीतने वाले दुनिया के 16वें नंबर के मैथ्यू एबडेन ने पहले सेट में अनुशासित प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी सर्व बरकरार रखी और पहला सेट जीत लिया।

दूसरे सेट की शुरुआत में बोपन्ना और एबडेन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। हालाँकि, खेल की गति के विपरीत, डेविड पेल और रीज़ स्टैल्डर, ने 10वें गेम में बोपन्ना की सर्विस तोड़ दी और मैच को निर्णायक गेम में ले गए।

हालाँकि बारिश के कारण तीसरे सेट की शुरुआत में एक घंटे से अधिक की देरी हुई, लेकिन मैच दोबारा शुरू होने के बाद भी इसी तरह का पैटर्न देखने को मिला। मुकाबले को 10-पॉइंट टाई-ब्रेकर में ले जाने के लिए बोपन्ना और एबडेन को तीन मैच पॉइंट बचाने थे।


टाई-ब्रेकर में पेल और स्टैल्डर ने 3-1 की बढ़त बना ली। हालांकि इसके बाद बोपन्ना और एबडेन ने लगातार सात अंक हासिल कर मैच को अपने पक्ष में कर लिया।

क्वार्टर फाइनल में रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन का मुकाबला डच जोड़ी बार्ट स्टीवंस और टालोन ग्रिक्सपुर से होगा। इससे पहले दूसरे दौर में बोपन्ना और एबडेन ने सोमवार को जैकब फर्नले और जोहानस की ब्रिटिश जोड़ी को सीधे गेम में हराया।

बोपन्ना विंबलडन में एकमात्र भारतीय चैलेंजर हैं। इससे पहले, युकी भांबरी-साकेत माइनेनी और जीवन नेदुनचेझियान-एन श्रीराम बालाजी की पुरुष युगल जोड़ी पहले दौर में हार गई, जबकि अंकिता रैना महिला एकल क्वालीफायर में बाहर हो गईं।

## फिल्मी सफर

# फिल्म जवान का टीजर जारी, शाहरुख खान का दिखा धांसू अवतार



जवान का ट्रेलर आखिरकार अब रिलीज हो गया है। एटली द्वारा निर्देशित और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित इस फिल्म में शाहरुख खान और नयनतारा मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म पहली बार नयनतारा के साथ शाहरुख खान के मिलन का प्रतीक है। और यह अंततः यहाँ है! काफी लंबे इंतजार के बाद आखिरकार निर्माताओं ने 10 जुलाई को शाहरुख खान की आने वाली फिल्म जवान का ट्रेलर जारी कर दिया। वे इसे प्रीव्यू कह रहे हैं। कहने की जरूरत नहीं है, यह काफी दिलचस्प लग रहा है।

पठान की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद यह सुपरस्टार की दूसरी फिल्म है। एटली द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले 2 जून को रिलीज होने वाली थी, हालांकि, इसे सितंबर में रिलीज करने के लिए आगे बढ़ा दिया गया। इससे पहले एक ट्वीट में शाहरुख ने खबर साझा की थी कि जवान का प्रीव्यू 10 जुलाई 2023 को सुबह 10:30 बजे लॉन्च किया जाएगा। वादे के अनुरूप, यह अंततः यहाँ है! ट्रेलर में शाहरुख कहते हैं मैं कौन हूं? कौन नहीं। पता नहीं। मां को किया वादा हूं या अधूरा एक इरादा हूं। मैं अच्छा हूं, बुरा हूं, पुण्य हूं या पाप हूं – ये खुद से पूछना क्योंकि मैं भी आप हूँ। ट्रेलर में हम शाहरुख को जबरदस्त एक्शन सीन करते हुए देख रहे हैं। उनका लुक भी कुछ दिलचस्प है। लघु वीडियो में नयनतारा की एक झलक भी मिलती है। हम दीपिका पादुकोण को बारिश के नीचे लाल साड़ी में एक एक्शन सीन करते हुए भी देखते हैं। अंत में शाहरुख खान भी गंजे लुक में नजर आते हैं।

पूरा वीडियो एक्शन सीक्वेंस से भरा हुआ है। जवान एटली द्वारा लिखित और निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर है। इसमें शाहरुख खान के साथ विजय सेतुपति, नयनतारा, सान्या मल्होत्रा और प्रियामणि हैं।

यह फिल्म एक व्यावसायिक मनोरंजक फिल्म मानी जा रही है और इसमें अभिनेता को दोहरी भूमिका में दिखाया गया है – एक खुफिया अधिकारी और एक चोर। संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा रचित है। यह नयनतारा का भी हिंदी डेब्यू है। दीपिका पादुकोण अगस्त 2022 में चेन्नई में अपने कैमियो की शूटिंग के लिए कलाकारों में शामिल हुईं। फिल्म की शूटिंग पुणे, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई, राजस्थान और औरंगाबाद में की गई थी। फिल्म के लिए संगीत रचना के लिए अनिरुद्ध रविचंदर को चुना गया, जो इस प्रकार बॉलीवुड में एकल संगीतकार के रूप में अपनी शुरुआत करेंगे। संगीत अधिकार टी-सीरीज़ को मिले।

### शॉर्ट ड्रेस में भोजपुरी क्वीन नेहा मलिक ने दिखाई दिलकश अदाएं, फोटो देखकर क्रेजी हुए फैंस

भोजपुरी क्वीन नेहा मलिका आए दिन अपनी हॉट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के दिलों पर राज करती हैं। उनका हर एक फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट सेक्सी तस्वीरों से फैंस को बेकाबू कर दिया है।

इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देख लोगों ने अपने लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देनी स्टार्ट कर दी है। एक्ट्रेस नेहा मलिक ने हाल ही में अपनी रिवीलिंग शॉर्ट ड्रेस में फोटोशूट करवाया है। उनकी ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लग गई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक के लेटेस्ट लुक को देखकर सोशल मीडिया पर तहलका मच गया है।

# 72 हूरें का हाल-बेहाल, नीयत और सत्यप्रेम की कथा की कमाई में आया उछाल



बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों कई फिल्मों के बीच टक्कर देखने को मिल रही है। एक ओर इस हफ्ते 72 हूरें और नीयत रिलीज हुई तो सत्यप्रेम की कथा टिकट खिडकी पर अपनी पकड़ बनाए हुए हैं। वीकेंड पर कलेक्शन में बढ़त के बावजूद सभी फिल्में सत्यप्रेम की कथा के आगे फुस्स हो गई हैं। हालांकि, पहले दिन से ही नीयत कमाई के मामले में 72 हूरें को पीछे छोड़ रही है। आइए जानते हैं फिल्मों का कलेक्शन कितना रहा।पवन मल्होत्रा और आमिर बशीर की 72 हूरें रिलीज से पहले ही विवादों में घिरी हुई थी। मेकर्स पर समुदाय विशेष की छवि खराब करने के आरोप लग रहे थे। अब रिलीज के बाद से यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई है।रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन 35 लाख रुपये कमाए थे तो दूसरे दिन इसकी कमाई में 45 लाख रुपये रही है। ऐसे में अब इसका कलेक्शन 80 लाख रुपये हो गया है।विद्या बालन सस्पेंस थ्रिलर फिल्म नीयत के साथ बड़े पर्दे पर लौटी हैं, जिसमें उनके साथ राम कपूर, राहुल बोस, शहाना गोस्वामी, प्राजक्ता कोहली सहित कई सितारे नजर आए हैं। फिल्म ने पहले दिन 1.02 करोड़ रुपये के साथ शुरुआत की थी तो अब दूसरे दिन वीकेंड पर इसकी कमाई में उछाल आया है।रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने शनिवार को 1.50 करोड़ रुपये कमाए हैं और ऐसे में अब इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 2.52 करोड़ रुपये हो गया है।

# 155 करोड़ में बिके शाहरुख खान की डंकी के डिजिटल राइट्स !!

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और निर्देशक राजकुमार हिरानी की मचअवेटे फिल्म डंकी को लेकर एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। ये फिल्म इसी साल दिसंबर महीने में रिलीज की तैयारी में हैं। इससे पहले इस फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारी भी सोशल मीडिया पर आते ही वायरल होने लगती हैं। अब खबर है कि इस फिल्म के डिजिटल प्राइस रिकॉर्ड पर बिके हैं। खबर है कि सुपरस्टार शाहरुख खान और राजकुमार हिरानी की जोड़ी वाली इस फिल्म की पोस्ट रिलीज डिजिटल स्ट्रीमिंग राइट्स की डील ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा ने क्रैक की है। इतना ही नहीं, इस फिल्म के राइट्स खरीदने के लिए जियो सिनेमा ने मोटी रकम मेकर्स को अदा की है।

रिपोर्ट की मानें तो सुपरस्टार शाहरुख खान, तापसी पन्नू स्टारर निर्देशक राजकुमार हिरानी की इस फिल्म के डिजिटल स्ट्रीमिंग के राइट्स जियो सिनेमा ने पूरे 155 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। इतना ही नहीं, खबर है कि इसके साथ ही शाहरुख खान की इस फिल्म के डिजिटल अधिकारों की डील ने उनकी फिल्म जवान की डील को पीछे छोड़ दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक जहां जवान के पोस्ट रिलीज डिजिटल स्ट्रीमिंग राइट्स 120 करोड़ रुपये में बिके हैं। जबकि, डंकी के डिजिटल राइट्स को पूरे 35 करोड़ रुपये ज्यादा यानी 155 करोड़ रुपये में बेचा गया है। रिपोर्ट की मानें तो करीबी सूत्र ने इस बारे में बताते हुए कहा कि ये इंडियन सिनेमा की अब तक किसी भाषा में फाइनल हुई सबसे बड़ी डील है।

इतना ही नहीं, इससे पहले रिपोर्ट्स थीं कि सुपरस्टार शाहरुख खान की दोनों फिल्मों जवान और डंकी के डिजिटल और सैटेलाइट राइट्स को रिकॉर्ड प्राइस पर बेचा गया है। खबरें थीं कि शाहरुख खान स्टारर जवान और डंकी दोनों के डिजिटल और सैटेलाइट राइट्स को करीब 480 करोड़ रुपये में बेचा गया है।

# अभिषेक और सैयामी की फिल्म घूमर पहुंची इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न



पिछले कुछ दिनों से फिल्म घूमर सुर्खियों में हैं। पिछले महीने इस फिल्म से अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर की पहली झलक सामने आई थी। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह इसलिए भी है क्योंकि इसके निर्देशन की जिम्मेदारी आर बाल्की पर है, जो चीनी कम, पा और मिशन मंगल जैसी कई बेहतरीन फिल्में दर्शकों के बीच पेश कर चुके हैं। अब खबर है कि उनकी फिल्म घूमर को इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में दिखाया जाएगा।इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) में घूमर का प्रीमियर होने वाला है। यह फेस्टिवल 12 अगस्त से शुरू होगा और इसकी शुरुआत घूमर की स्क्रीनिंग के साथ ही होगी। अभिषेक और सैयामी के अलावा इस फिल्म में शबाना आजमी और अंगद बेदी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है और मेलबर्न को स्पोर्ट्स का मक्का कहा जाता है। घूमर के जरिए एक शारीरिक रूप से अशक्त खिलाड़ी की प्रेरणादायी यात्रा दर्शकों के बीच आएगी।सैयामी ने फिल्म के अंतरराष्ट्रीय प्रीमियर पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, स्क्रीन पर खेलना हमेशा मेरे लिए एक सपना रहा। जब से मैं एक्टिंग की दुनिया में आई हूं, तभी से इसकी इच्छा रही है। मेलबर्न में फिल्म के प्रीमियर को लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं। सैयामी ने बताया कि दिवंगत क्रिकेटर शेन वॉर्न मेलबर्न के ही रहने वाले थे, जो हमेशा उनके पसंदीदा खिलाड़ी रहे, इसलिए भी वह इस शहर में फिल्म के प्रीमियर को लेकर खुश हैं। बाल्की और अभिषेक ने कहा, घूमर विपरीत परिस्थितियों को अवसर में बदलने और चुनौतियों का सामना करने की कहानी है। वे इस आईएफएफएम के लिए फिल्म के चुने जाने से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उनके मुताबिक, खेल जीवन को जीने लायक बनाता है। शबाना प्रीमियर के दौरान समारोह में उपस्थित रहेंगी। इस फिल्म में वह सैयामी की दादी का किरदार निभा रही हैं, जो खुद क्रिकेट की दीवानी है और परिवार के विरोध के बावजूद अपनी पोती के सपनों को पूरा करने में उसका पूरे दिल से समर्थन करती है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com